डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | माघ कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 26 जनवरी 2025, वर्ष-31, अंक- 103, पृष्ठ-16 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर






हमारे **गौरवमयी** इतिहास की झलक | आज हम एकजुट होकर अपने महान राष्ट्र भारत के 76वें गणतंत्र दिवस का उत्सव मना रहे हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारी स्वतंत्रता, समानता और एकता हमारे राष्ट्र की सबसे बड़ी धरोहर है।

संविधान की शक्ति **राष्ट्र की ताकत** | हमारे संविधान ने हमें अधिकार, स्वतंत्रता, और समानता का अधिकार दिया, और हमें एक नई दिशा में चलने की प्रेरणा दी। इस दिन को मनाते हुए हम अपने कर्तव्यों के प्रति जागरुकता का संकल्प लें।

### सरकार ने सहारा को दिया 15 दिनों में रकम लौटाने का आदेश

**रांची।** राज्य सरकार ने सहारा समूह के निवेशकों को राहत देते हुए एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने सहारा समूह को 15 दिनों के भीतर 400 करोड़ रुपए की रकम निवेशकों को लौटाने का आदेश दिया है। कहा है कि अगर इस अवधि में राशि वापस नहीं की गई, तो समूह के निदेशकों के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सहारा इंडिया की लीगल टीम को इस संबंध में स्पष्ट चेतावनी दी है। यह अल्टीमेटम रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में विश्व भारती जनसेवा संस्थान और सहारा इंडिया की लीगल टीम के बीच हुई बैठक में दिया गया है।

### शुभकामनाएं

राष्ट्रीय नवीन मेल के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, हॉकरों एवं शुभचिंतकों को 'गणनतंत्र दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश की सूचना

'गणनतंत्र दिवस' के अवसर पर राष्ट्रीय नवीन मेल कार्यालय 26 जनवरी (रविवार) को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक 28 जनवरी (मंगलवार) को प्रकाशित होगा।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से सुशासन को मिलेगा नया आयाम : द्रौपदी मुर्मू

**■ राष्ट्रपति ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को किया संबोधित**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संदेश में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से जुड़े सरकार के विशेष प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे सुशासन को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने महाकुंभ को भारत की समृद्ध विरासत की अभिव्यक्ति बताया और कहा कि वर्तमान में हमारी परंपराओं एवं रीति-रिवाजों को पुनर्जीवित करने के कई प्रयास चल रहे हैं। राष्ट्र के नाम अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' जैसे सुधारों के लिए दूरदर्शिता और साहस की आवश्यकता होती है। इस संबंध में विधेयक को संसद में पेश किया गया है। इससे शासन में स्थिरता आएगी। नीतिगत पंगुता रुकेगी, संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा तथा वित्तीय बोझ घटेगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने भाषण में संविधान और चुनाव प्रक्रिया के 75 वर्षों की यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस दौरान सोये भारत की आत्मा फिर से जागी और विश्व



समुदाय में समुचित स्थान प्राप्त करने के लिए अग्रसर हुई है। उन्होंने कहा कि संविधान सभा में सभी समुदायों और हिस्सों का प्रतिनिधित्व था। महिला सशक्तिकरण जब एक दूरस्थ आदर्श था, हमारे राष्ट्र की नियति को आकार देने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

राष्ट्रपति ने सरकार के दूरदर्शी आर्थिक सुधारों और उनसे प्राप्त प्रगति का उल्लेख किया और कहा कि सरकार समावेशी विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने जन कल्याण को नई परिभाषा दी है और आवास तथा जल जैसी बुनियादी जरूरत को अधिकार माना है। पिछड़े वर्गों का डिजिटल समावेशन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में भारत को आजादी भले ही मिली थी, लेकिन औपनिवेशिक मानसिकता नहीं बदली थी। अब उस मानसिकता को बदलने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने तीन नए आपराधिक कानूनों का उल्लेख किया। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उसमें शोध कार्यों को बढ़ावा देने के प्रयासों तथा खेल, अंतरिक्ष और साइबर फिजिकल सिस्टम जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत की बढ़ते कदमों की सराहना की।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत आज वैश्विक स्तर पर दुनिया के लिए एक उदाहरण बन रहा है। मिशन लाइफ के माध्यम से भारत ने दुनिया को एक संदेश दिया है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से देश में 80 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य समय से पहले पूरा किया है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इन प्रयासों से दुनिया सबक ले सकती है। राष्ट्रपति मुर्मू ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि 75 वर्ष पहले आज ही के दिन भारत का आधार ग्रंथ, यानि संविधान लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता केवल सैद्धांतिक अवधारणा नहीं है, जिनका परिचय हमें आधुनिक युग में प्राप्त हुआ हो, यह जीवन मूल्य सदा से हमारी सभ्यता और संस्कृति के अंग रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के गणतांत्रिक मूल्यों का प्रतिबिंब संविधान सभा की संरचना में हमें स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इसमें देश के सभी हिस्सों और सभी समुदायों का प्रतिनिधित्व था। इसमें सरोजिनी नायडू, राजकुमारी अमृत कौर, सुचेता कृपलानी, हंसाबेन मेहता, मालती चौधरी जैसी 15 असाधारण महिलाएं भी शामिल थीं। उन्होंने कहा कि समावेशी विकास हमारी प्रगति की आधारशिला है, जिससे विकास का लाभ व्यापक स्तर पर अधिक से अधिक देशवासियों तक पहुंचता है। साहसिक और दूरदर्शी आर्थिक सुधारों के बल पर आने वाले वर्षों में भी भारत की प्रगति की रफ्तार बनी रहेगी। प्रधानमंत्री द्वारा अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना से रोजगार और आमदनी के अवसर उत्पन्न करके अनुसूचित जातियों के लोगों की गरीबी को दूर करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। सरकार ने वित्त क्षेत्र में जिस तरह प्रौद्योगिकी का उपयोग किया है वह एक मिसाल है। राष्ट्रपति मुर्मू ने गुजरात के बड़नगर में भारत के प्रथम 'आर्कियोलॉजिकल एक्सपेरिएंशल म्यूजियम' का कार्य पूरे होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस संग्रहालय में अलग-अलग युगों की कला, शिल्प और सांस्कृतिक सामग्री को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता, भौतिक अवसंरचना तथा डिजिटल समावेशन के आयामों में व्यापक बदलाव आया है।

### इसरो का स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट भारत को गौरवान्वित करने वाला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नेशनल क्वांटम मिशन जैसे प्रयासों को भारत के बढ़ते आत्मविश्वास से जोड़ा और कहा कि अत्यधिक अनुसंधान में भारत अपनी भागीदारी बढ़ा रहा है। 'नेशनल मिशन ऑन इंट्राडिसीप्लिनरी साइबर फिजिकल सिस्टम' के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक और साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में उन्नत प्रतियोगिताओं पर कार्य करने की योजना जारी है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसरो के सफल स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट को देश को गौरवान्वित करने वाला बताया और विश्व में ऐसा करने वाला भारत अब चौथा देश बन गया है।

## रांची में राज्यपाल और दुमका में मुख्यमंत्री करेंगे ध्वजारोहण





**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल संतोष गंगवार झंडारोहण करेंगे। वहीं, उपराजधानी दुमका के पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झंडा फहाराएंगे। कार्यक्रम को लेकर दोनों स्थानों पर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। झंडारोहण के बाद राज्यपाल संतोष गंगवार मोरहाबादी से और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दुमका पुलिस लाइन से राज्यवासियों को संबोधित करेंगे। राजधानी के मोरहाबादी मैदान में राज्य के 11 विभागों की आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। इस दौरान कर्तव्य क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले वरीय पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में सुरक्षा के मद्देनजर शहर में 1000 पुलिस बल और 50 दंडाधिकारी की तैनाती की गई है। प्रमुख चौक-चौराहों पर भी पुलिस बल और दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। आयोजन स्थल पर मेडिकल टीम और एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है।

### झारखंड के दो आईपीएस समेत 12 पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों को सराहनीय सेवा पदक

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस पदक का ऐलान कर दिया है। इस वर्ष झारखंड पुलिस के दो आईपीएस समेत 12 पदाधिकारियों और कर्मियों को पुलिस सराहनीय सेवा पदक दिए जायेंगे। इनमें आईजी माइकल राज एस, आईजी ए विजया लक्ष्मी, डीएसपी नीरज कुमार, इंस्पेक्टर अरुण कुमार, हवलदार मो. इकबाल, हवलदार बिंदराय मुंदरी, एएसआई अरविंद पाटिल, एएसआई वशिष्ठ कुंवर, एएसआई विजय कुमार, एएसआई संजीव कुमार झा, आरक्षी मनती खलखो और आरक्षी प्रभा देवी शामिल हैं।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

हमारे संविधान के लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने और

76वें गणतंत्र दिवस की

सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं



"देश के अपने समस्त परिवारजनों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। भारत के लोकतंत्र को मजबूती देने में हमारे देश के संविधान की बहुत बड़ी भूमिका रही है। बाधाएं, रुकावटें, चुनौतियों को परास्त करके एक दृढ़ संकल्प के साथ यह देश चलने के लिए प्रतिबद्ध है।"

जय हिंद!

- नरेन्द्र मोदी

कर्तव्य पथ से गणतंत्र दिवस समारोह के विशेष कार्यक्रम का सीधा प्रसारण
सुबह 9:00 बजे से दूरदर्शन नेटवर्क पर

CBC 17102/13/0026/2425

# स्वच्छता हर नागरिक का कर्तव्य है : एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस से पूर्व तैयारी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो ने गोपनीय शाखा परिसर व आस-पास स्वयं से स्वच्छता कर लोगों को अपने राष्ट्रीय त्यौहार को हर्षोल्लास से मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हर नागरिक को अपने से करना चाहिए। हम लोगो को किसी दूसरे पर आत्मनिर्भर होकर अपने कार्यालय या घर को स्वच्छ नहीं रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि अनुमंडलवासी या अधिकारी अपने-अपने कार्यालय परिसर को खुद से साफ सफाई करें। आम लोगों में यह बेहतर संदेश जाएगा, ताकि लोग स्वच्छ रहें। एसडीएम के इस सराहनीय प्रयास से लोगों में एक बेहतर संदेश जा रहा हैं। कई लोगों ने उनके इस कार्य को सराहना किया। मौके पर उनके गार्ड व कई कर्मी भी शामिल थे।



## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर छात्रों से पूछे गए सवाल, छात्रों ने दिये सही जवाब

**हुसैनाबाद।** शनिवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के परिसर में प्रार्थना सत्र में राष्ट्रीय मतदाता दिवस से जुड़े प्रश्नों को पूछे गए। इसके तहत मतदाता दिवस कब से मनाया जाता है, निर्वाचन आयोग की स्थापना कब हुई,व्यस्क नागरिकों की उम्र 21वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कब की गयी। किस संविधान संशोधन के तहत किया गया मुख्य चुनाव आयुक्त, सहायक चुनाव आयुक्त की नियुक्ति जैसे प्रश्न पूछे गये। इसमें सटीक व सही जवाब देने वालों में अभिमन्यु, शिवांश, जूली,एकता, आयशा को प्रार्थना सत्र में ही प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद द्वारा सम्मानित किया गया।

# विधायक ने अधिकारियों व कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में शनिवार को हुसैनाबाद- हरिहरगंज विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ विकास व राजस्व संबंधित समीक्षा बैठक की। इस दौरान विधायक ने उपस्थित पदाधिकारियों से तत्परता के साथ जनता का काम करने के लिए प्रेरित किया। विधायक ने कहा कि गरीब के कार्यों का शीघ्रता से निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। इसमें आप सभी पदाधिकारियों का अहम योगदान है। राजस्व संग्रहण को लेकर भी कई दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रुप से अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो,अंचलाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा, प्रभारी एमओ मनोज कुमार,हैदरनगर बीडीओ विश्वप्रताप मालवा आदि मौजूद थे।




























# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर में शनिवार को जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद समेत अन्य पदाधिकारी द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों के साथ मतदाता प्रतिज्ञा लिया।

**फर्स्ट टाइम वोटर व चुनाव के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ हुए सम्मानित :** समाहरणालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 1 जनवरी 2025 को मतदाता सूची में निबंधन हुए नये मतदाताओं के बीच उपायुक्त व अन्य पदाधिकारियों द्वारा पीवीसी कार्ड का वितरण किया गया। इस तरह लोकसभा व विधानसभा चुनाव 2024 में उत्कृष्ट कार्य,बेहतर चुनाव प्रबंधन करने को लेकर सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों से एक-एक बीएलओ को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में मौजूद लोगों से सामान्य ज्ञान से जुड़े क्विज का भी आयोजन किया गया, जिसमें सवालों के सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को कप देकर सम्मानित किया गया।

**जिले में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए उपायुक्त जिले वासियों को साधुवाद दिया :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि वर्ष 2024 में लोकसभा व विधानसभा चुनाव बेहद ही शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। यह बगैर आमजनों के सहयोग के संभव नहीं था। इस कार्य के लिये यहां के आमजनों को मैं अपनी ओर से साधुवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रणाली में बीएलओ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। पलामू जैसे बड़े जिलों में शांतिपूर्ण चुनाव कराना चुनौती थी, इसके बावजूद बीएलओ के सतर्कता के कारण दोनों चुनाव में बहुत कम प्राथमिकी दर्ज की गयी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म 6 जमा किया जा सकता है। अतः जो भी नये मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाना चाहते हैं, वह ऑनलाइन आवेदन जरूर करें। मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू,सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारेलाल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान,नजारत उप समाहर्ता विक्रम आनंद समेत अन्य पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में समाहरणालय कर्मी उपस्थित थें।

# पलामू एसपी को राज्यपाल ने किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा व विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए राज्यपाल संतोष गंगवार ने शनिवार को पलामू जिले के पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन को रांची में सम्मानित किया। बता दें कि पूरे राज्य में रीष्मा रमेशन इकलौती एसपी हैं, जिन्हें विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए समानित किया गया है। रीष्मा रमेशन केरल की रहने वाली हैं और 2020 से कैडर बदलने के बाद झारखंड में तैनात हैं। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि यह पूरी पलामू टीम का सम्मान है। पलामू पुलिस के एक-एक जवान और अधिकारी ने चुनाव के दौरान कड़ी मेहनत की है, जिनकी बदौलत लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है। पलामू का इलाका अति नक्सल प्रभावित माना जाता रहा है। तीन दशक में पहली बार 2024 में लोकसभा एवं विधानसभा का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है। पलामू लोकसभा छत्तीसगढ़ एवं बिहार से सटा हुआ है। पलामू के इलका में पांच विधानसभा सीट हैं, सभी विधानसभा सीट अति नक्सल प्रभावित माना जाता है। 2019 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव तक नक्सली हिंसा हुई थी। 90 के दशक के बाद पहली बार 2024 के चुनाव में किसी भी प्रकार की नक्सल हिंसा नहीं हुई है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के नेतृत्व में हुआ है।

# रजवाडीह मध्य विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस



## जागरूक मतदाता : मजबूत लोकतंत्र का आधार

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी के नेतृत्व में अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से मतदाता प्रतिज्ञा का पाठ किया।

प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने इस मौके पर कहा कि जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की नींव होते हैं। उन्होंने कहा कि निर्भय और निर्लोभ होकर अनिवार्य रूप से मतदान करना ही सच्चे मतदाता की पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि 18 वर्ष की आयु पूरी करते ही वे भी मतदाता बनने के योग्य हो जाएंगे, इसलिए उन्हें पहले से ही मतदाता जागरूकता के महत्व को समझना चाहिए।

इस कार्यक्रम से पहले विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। मतदाता दिवस के आयोजन में शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर, लैब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा, एसएमसी अध्यक्ष पार्वती देवी, संयोजिका रंजु देवी, वार्ड सदस्य अनिता देवी, सुनिता देवी, नीलम देवी, ललिता देवी, रूली देवी, हेवंती देवी, माया देवी, सत्यम कुमार और कई अभिभावक मौजूद रहे।

# मासिक लोक अदालत : 74 मामलों का निपटारा 36.95 लाख रुपये के विवाद सुलझाए गए

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 74 मामलों का निपटारा किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित हुआ।

लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर 36,95,450 रुपये के मामले सेटल हुए। मामलों के निपटारे के लिए 10 पीठों का गठन किया गया था। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि कोर्ट में लंबित 74 मामलों का समाधान किया गया।

इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, डीजे विनोद कुमार सिंह, और कई अन्य न्यायाधीश व अधिवक्ता मौजूद रहे। इसके अलावा, सदर एसडीएम सुलोचना मीना, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मी भी उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलेवासी एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
मोनू कुमार
संचालक, एपीटीसी
मेदिनीनगर, पलामू, झारखंड।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलेवासी एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
जैश रंजन पाठक
उर्फ बिट्टू पाठक
अध्यक्ष, पलामू जिला कांग्रेस कमिटी

AASHI CARE HOSPITAL
Panki road, Redma, Daltonganj
24/7 Emergency Services
ALL KIND OF EMERGENCY & CRITICAL CARE MEDICAL SERVICES AVAILABLE
- All Life - Threatening Cases Handeled
- Heart Attack / Heart Failure
- Road Accident / Head Injury
- Brain Hemorrhage / Paralysis / Epilepsy
- Superspecialist Doctors Available
- Well - Equipped ICU / NICU / PICU
- USG / ECHO / C-ARM / X-RAY / VENTILATOR
Wishing you a HAPPY REPUBLIC DAY 26th JAN
For Emergency Call : 9060604072

प्रखंड व अंचल क्षेत्र के तमाम जनता, पंचायत व जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों,अधिकारियों-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई। शुभकामनाएं।
आइए, हम सभी मिलकर इस पावन अवसर पर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का संकल्प दोहराएं।
रणवीर कुमार
अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी (प्रखंड व अंचलकर्मी)
मोहम्मदगंज, पलामू।

तमाम प्रखंडवासियों, पंचायत प्रतिनिधियों, पंचायत समिति सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई। शुभकामनाएं।
'नया साल, नया सपना, गणतंत्र दिवस पर नया भारत अपना।'
अर्चना देवी
( प्रखंड प्रमुख )
मोहम्मदगंज, पलामू।

तमाम अभिभावकों, छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं और प्रबुद्धजनों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई। शुभकामनाएं।
न्यू ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल
New Brightland Public School( Jharkhand state 0pen university, study centre) Main Road Mali, Latpauri, Mohammadganj, PalamuClass : Nur to Eight (An English medium co-ed.school).
(Managed by-Bright Future Educational & Welfare Trust)
श्रीनिवास सिंह : अध्यक्ष
क्षितिज कुमार सिंह : सचिव
सुनील प्रजापति : प्रिंसिपल
Note : We make effort to give excellence in education.We provide : vehicles facilities, computer lab, Library, purified water, well santasation & experienced teachers.
Admission start to next session
मो : 7717724949, 6204366431, 6202450534. स्थापना : 2016.

गणतंत्र दिवस पर कांग्रेसजनों, किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं को हार्दिक बधाई। शुभकामनाएं।
राहुल सिंह
चेयरमैन
सहकारिता विभाग, कांग्रेस पलामू। (सोनबरसा, मोहम्मदगंज)

प्रखंड क्षेत्र की तमाम जनता और पंचायत प्रतिनिधियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।
जय हिंद जय भारत
नगीना कुमार सिंह
उपप्रमुख
पंचायत समिति सदस्य पंसा, मोहम्मदगंज, पलामू।

UDISE Code :- 20020106705 Affiliation No. :- 3430393 Centre Code :- 66596 www.stmariams.com
ST. MARIAM'S SCHOOL
Affiliated to CBSE, New Delhi
A Co-Educational English Medium School 10+2
पलामू समेत समस्त झारखंड वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ...!
चेयरमैन अविनाश देव
वार्तासूत्र :- 8873164126
Good News
INTEGRATED SCHOOL WITH COACHING FACILITY
in association with Mentors Eduserv
JEE | AIIMS | NEET | NTSE | KVPY | OLYMPIADS
ADMISSION OPEN
SESSION : 2025-26
Admission Form & Prospectus Available
Registration Now
Contact No. :- 06562-796343, 9955865321, 9955865193
HOSTEL FACILITY AVAILABLE

## मतदाता दिवस मनाई

खरौंधी। प्रखंड में शुक्रवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस बड़े ही उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय सहित सभी 48 मतदान केंद्रों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में पठन-पाठन शुरू, 170 छात्राओं को किया गया स्थानांतरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में 15 दिसंबर के अंक में प्रकाशित खबर 'आवासीय विद्यालय उद्घाटन के इंतजार में, पठन-पाठन शुरू नहीं' शीर्षक से प्रकाशित खबर पर शिक्षा विभाग ने संज्ञान लिया है। प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य शिक्षा विभाग द्वारा शुरू करा दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए वार्डेन अमिता पांडेय ने बताया कि भवनाथपुर कस्तूरबा विद्यालय से केतार प्रखंड के 170 छात्राओं को उक्त नवनिर्मित विद्यालय भवन में स्थानांतरित किया गया है। इसकी शुरूआत 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कर पठन-पाठन का कार्य शुरू कराया जायेगा। बता दें कि पिछले कई वर्षों से केतार प्रखंड का आवासीय बालिका विद्यालय की पढ़ाई भवनाथपुर की कस्तूरबा विद्यालय में संयुक्त रूप से चलाया जा रहा था। पांच वर्ष पूर्व ही पांच करोड़ रुपए की लागत से बालिका आवासीय विद्यालय भवन बनकर तैयार था, लेकिन फर्नीचर का टेंडर प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने के कारण विद्यालय का संचालन नहीं हो रहा था। फर्नीचर कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रखंड के छात्राओं को यह स्थानांतरित कर दिया गया है। आवासीय विद्यालय का संचालन केतार में होने की खबर से प्रखंड के अभिभावकों और छात्राओं में हर्ष का माहौल है। अब इस प्रखंड कि बच्चियां अपने ही प्रखंड में पठन-पाठन करेंगी।


आवासीय विद्यालय उद्घाटन का इंतजार मे

पठन-पाठन शुरू नहीं, छात्राओं को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

केतार। प्रखंड के नावाडीह गांव में भवन निर्माण विभाग द्वारा 5 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय उद्घाटन का बाट जोह रहा है। केतार प्रखंड कार्यालय से सटे उक्त विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद एक वर्ष पहले 2023 में ही विभाग को सौंप दिया गया है। बावजूद उद्घाटन और विद्यालय संचालन को लेकर शिक्षा विभाग गंभीर नहीं है। उक्त विद्यालय भवन को देखकर क्षेत्र के ग्रामीण जिले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से पूछ रहें हैं कि इस विद्यालय में पठन-पाठन कब तक शुरू होगा। पढ़ाई शुरू होने से केतार प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों की 250 बालिकाएं 25-30 किलोमीटर दूर भवनाथपुर के (झागडाखाड) स्थित विद्यालय में पढ़ाई करने को विवश हैं। इससे छात्राओं और उनके अभिभावकों को परेशानी होती है। तबके के अभिभावक बच्चियों को उक्त विद्यालय में शिक्षा नहीं दिला पा रहे हैं। प्रखंड के गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर करने वाली बच्चियों को रहकर पढ़ाई करने के लिए इस ... समय-समय पर स्वास्थ्य जांच का तीन सौ मीटर के दूरी पर उप स्वास्थ्य केन्द्र उपलब्ध है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए दो किलोमीटर की दूरी पर केतार ...

विद्यालय संचालन नहीं होने से गरीब छात्राएं वंचित: र...

पाचाडुमर गांव के समाज सेवी रविन्द्र कुमार पासवान ने कहा कि केतार में आवासीय विद्यालय भवन बनकर तैयार है। इसका संचालन नहीं होने से इस क्षेत्र के गरीब, पिछड़े और दलित परिवार के बच्चियां शिक्षा से वंचित रह जा रही हैं। विद्यालय शुरू होने से यहां के बच्चियों को इसका लाभ मिलता।

बेटियों की सुरक्षा संबंधी चिंता सताती है: अनिता देवी

अनिता देवी ने कहा कि आवासीय विद्यालय का संचालन केतार में नहीं होने से इस क्षेत्र के बेटियों को 20 किलोमीटर दूर भवनाथपुर आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ना पड़ता है। दूसरे प्रखंडों में सुरक्षा संबंधित चिंता सताती है। केतार में आवासीय विद्यालय का संचालन होने से बेटियों सहित अभिभावकों को सहूलियत होती।

नये सत्र में पठन-पाठन होगा शुरू: कैशर राजा

जिला शिक्षा पदाधिकारी कैशर राजा ने कहा कि आवासीय विद्यालय संचालन के लिए समाग्री की टेंडर प्रक्रिया चल रही है। जनवरी के प्रथम सप्ताह तक समाग्री उपलब्ध होने की उम्मीद है। नये सत्र 2025-26 में विद्यालय में छात्राओं को शिफ्ट कर पठन-पाठन शुरू करा दिया जाएगा।

छात्राओं को नहीं मि... पा रहा लाभ: प्रमुख

प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि आवासीय विद्यालय का संचालन नहीं होने से इसका लाभ इस क्षेत्र के छात्राओं को नहीं मिल पा रहा है। विद्यालय में पढ़ाई शुरू होता तो गरीब परि... के बच्चियों को इसका ला... मिलता। उपायुक्त, विधा... से मिलकर विद्यालय को इस सत्र में शुरू कराने प्रयास करुंगी।

**राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर**

## 8वीं बोर्ड परीक्षा का एडमिट कार्ड वितरित

**खरौंधी।** प्रखंड के पीएम श्री मध्य विद्यालय अरंगी और उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के लिए बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड का वितरण किया गया। पीएम श्री मध्य विद्यालय अरंगी में प्रधानाध्यापक सतेंद्र दास ने विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड वितरित किए। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने छात्रों के बीच एडमिट कार्ड वितरण की प्रक्रिया संपन्न की। झारखंड एकेडमीक काउंसिल (जैक) ने कक्षा 8वीं की परीक्षा 28 जनवरी 2025 को आयोजित करने की योजना बनाई थी, हालांकि अपरिहार्य कारणों के चलते परीक्षा को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंडवासी एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
श्रवण कुमार भगत
प्रखंड विकास पदाधिकारी
ऊंटारी रोड, पलामू झारखंड।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
करुणा सोनी
प्रखंड प्रमुख
रमना।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
बसिया देवी
पूर्व मुखिया
बहियार खुर्द, रमना।

76वें गणतंत्र दिवस पर प्रखंड व जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
विकास पाण्डेय
सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी
रमना, गढ़वा।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंडवासी एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
जुड़ेगा युवा बदलेगा भारत।
विजय कुमार सिंह
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय डेवडर ऊंटारी रोड, पलामू।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
दुलारी देवी
मुखिया
रमना पंचायत।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अनीता देवी
मुखिया
सिलीदाग पंचायत, रमना।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
आकाश कुमार
थाना प्रभारी
थाना रमना, गढ़वा।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंडवासी एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
सतेंद्र कुमार विश्वकर्मा
प्रधानाचार्य
नैतिक पब्लिक स्कूल विरजा, बसड़िया
ऊंटारी रोड, पलामू, झारखंड।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
दीपक कुमार
सिलीदाग झारखण्ड पुलिस।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
उदय मेहता
वार्ड सदस्य
सिलीदाग, रमना।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राहुल प्रकाश
कल्याण विभाग
सह गोदाम प्रबंधक, रमना।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंडवासी एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
राकेश कुमार चौधरी
डायरेक्टर
पी. के कोचिंग सेंटर बिच्छी ( मझिआंव) , गढ़वा।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कमलेश कुमार पाण्डेय
रमना डीलर संघ अध्यक्ष।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
शमीम अंसारी
रमना।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंडवासी एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
जुड़ेगा युवा बदलेगा भारत।
रामबचन राम
मुखिया : पंचायत मुरमा खुर्द,
ऊंटारी रोड, पलामू झारखंड।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
देवजी
समाज सेवी
रमना।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
स्वीटी वर्मा
मुखिया, मड़वनीया पंचायत।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रोहित कुमार वर्मा
युवा नेता जेएमएम
रमना।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
शांति देवी
अध्यक्ष, जिला परिषद, गढ़वा।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सच्चिदानंद यादव
सहायक अध्यापक
प्राथमिक विद्यालय धवरवा दामर।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राघवेंद्र कुमार सिंह
पंचायत सचिव
सिलीदाग।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अरफाद अली
प्रधान सहायक अध्यापक
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय
बहियार कला बियार टोला

76वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सकेंद्र कुमार
(बाबा नायक) समाज सेवी सिलीदाग।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उपायुक्त ने अधिकारियों व कर्मियों को दिलाई शपथ

# राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाने का दिन है : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** 15वीं राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में शनिवार को मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा जिला के वरीय पदाधिकारियों सहित सभी कर्मियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान का काफी महत्व है। मतदाता दिवस सभी भारत के नागरिकों को अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति के लिए मतदान करना जरूरी है। प्रत्येक नागरिक का मतदान प्रक्रिया में भागीदारी जरूरी है, ताकि हमारा लोकतंत्र और सशक्त व मजबूत हो। मतदाता दिवस का शपथ दिलाते हुए कहा गया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति समुदाय, भाषा अथवा, अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को किया गया सम्मानित :** 74 लातेहार विधानसभा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ नंदनी देवी, सुकृता देवी, ज्ञानती बैक्सला भखला, शांति देवी, उमेहनी खातून, 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ मंजुशा देवी, रिंकू देवी, सुलंती देवी, प्रतिमा देवी, सेरोफिना टोप्पो को उपायुक्त द्वारा प्रशस्ति पत्र व शॉल देकर समानित किया गया। इसके बाद नये निर्बंधित मतदाताओं श्रेया सिंह, अंशुमन राज, मोहित कुमार सिंह, चांदनी कुमारी, सुभाकर कुमार को मतदाता पहचान पत्र प्रदान किया गया। परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीन कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन व अन्य पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थें।

## 'एजुकेशन फॉर ऑल' के तहत मिनी मैराथन का आयोजन

**लातेहार।** आर्ट ऑफ गिविंग जिला इकाई के तत्वावधान में 'एजुकेशन फॉर ऑल' का शनिवार को आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा व खेल के महत्व को बढ़ावा देने और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आर्ट ऑफ गिविंग, किस-कीट यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर के संस्थापक राज्यसभा सांसद प्रो. अच्युत सामंत के आह्वान पर आयोजित किया गया। जिला स्टेडियम स्थित वॉलीबॉल खेल मैदान से सुबह 7:00 बजे मिनी मैराथन, एजुकेशन फॉर ऑल का शुभारंभ आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। मिनी मैराथन में आर्ट ऑफ गिविंग के जिला सचिव प्रवीण मिश्रा, एंबीशन कंप्यूटर सेंटर धरमपुर के निदेशक नीरज कुमार, राजन कुमार, पंकज कुमार, प्रभास कुमार, कमलेश उरांव, शुभम कुमार साव, प्रदीप मांझी, आलोक राठौर, अंकित तिग्गा, समेत कई लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा व खेल के प्रति जागरूकता पैदा करना, समाज के हर वर्ग को शिक्षा के महत्व से जोड़ना और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समुदाय को प्रेरित करना है। मिनी मैराथन में डे बोर्डिंग बालक-बालिका वॉलीबॉल सेंटर के खिलाड़ी, आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ी, एंबीशन कंप्यूटर सेंटर के छात्र-छात्राएं समेत 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।





























































# मतदाता दिवस पर दिलाई गई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**
**गिद्धौर (चतरा)।** 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर शनिवार को प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही प्रखंड सह अंचल के सभी कर्मियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। विभिन्न मतदान केंद्र पर मतदान की महत्व की जानकारी मतदाताओं को दिया गया। साथ ही मतदान की शपथ लोगों को दिलाया गया। बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है, ताकि मतदान को लेकर लोगों को जागरूक किया जा सके और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी-अपनी भूमिका निभा सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता सहित विभिन्न मतदान केंद्र के बीएलओ व कर्मी थे।

# गिद्धौर प्रीमियम लीग सीजन टू शीघ्र शुरू होगा

**नवीन मेल संवाददाता**
**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में गिद्धौर प्रीमियम लीग सीजन टू का आगाज शीघ्र ही होगा। प्रीमियर लीग को लेकर शनिवार को प्रखंड मुख्यालय के ठाकुरबारी परिसर में खिलाड़ियों का ऑक्शन किया गया। इस ऑक्शन ने प्रखंड के विभिन्न पंचायत 90 खिलाड़ियों को शामिल किया गया था, जिसमें 84 खिलाड़ियों को छह टीम द्वारा खरीदारी किया गया। बताया गया कि सबसे ऊंची बोली संजीत कुमार पर लगी। इस प्रकार टॉप टेन में संजीत कुमार के अलावा रविंद्र कुमार, लखन कुमार, अवश्वनी कुमार, राहुल कुमार, विकास कुमार, सुनील कुमार गुड्डू, अखिलेश कुमार कुशवाहा, अभिषेक कुमार रहे। खिलाड़ियों के ऑक्शन में हिंदुस्तान फाइटर, मुकेश वारियर, पैंथर इलेवन, टाइटस टाइगर, टाइटस इलेवन व सिंदुआरी फाइटर की टीम ने भाग लिया। मौके पर प्रीमियर लीग के अध्यक्ष निरंजन कुमार, सचिव प्रेम राणा, सहसचिव कपिल कुमार, कोषाध्यक्ष मोहन साव, टीम के ऑनर्स ईश्वर दांगी, मुकेश कुमार, अंकित कुमार, शैलेश कुमार, अखिलेश कुमार दांगी, रिशु कुमार, श्रवण कुमार दांगी, डा दयानंद, उपेंद्र दांगी सहित थे।



# भाजपा की सदस्यता अभियान : 215 सक्रिय सदस्य बनाने का निर्णय

**इटखोरी(चतरा)।** भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान को लेकर इटखोरी प्रखंड अंतर्गत परोका बगीचा में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष देव कुमार सिंह ने की। सदस्यता प्रभारी के रूप में बिंदेश्वरी यादव उपस्थित थे। प्रभारी ने कहा कि पूरे प्रखंड में सदस्यता अभियान में तेजी लाएं और पूरे मंडल में कम से कम 215 सक्रिय सदस्य बनना अनिवार्य है। साथ ही कई निर्देश भी संबंधित कार्य में लगे कार्यकर्ताओं को दिया गया। मौके पर प्रखंड महामंत्री शिवकुमार राणा, प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन सिंह, प्रखंड कोषाध्यक्ष कैलाश कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मतदान के अधिकार का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए : अजीत

**कुंदा (चतरा)।** 25 जनवरी को जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के जिला सचिव के निर्देश पर मतदाता प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करने के साथ उन्हें नैतिक मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। इस अवसर पर अधिकार मित्र ने कहा कि मतदाता प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन हमारे लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए किया गया है। हमें अपने मतदान के अधिकार का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए और नैतिक मतदान के महत्व को समझना चाहिए। कार्यक्रम में हारुल गांव से मतदाताओं ने भाग लिया और मतदान के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में अधिकार मित्र अजीत कुमार, संजय चौधरी, मुन्ना दास, प्रवीण पासवान, किरण कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**
**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने अंचल, बाल विकास परियोजना, जेएसएलपीएस के कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई। साथ ही प्रखंड सिमरिया अंतर्गत सभी 87 मतदान केंद्रो पर मतदाता दिवस मनाया गया। बीडीओ ने कहा कि प्रतिवर्ष 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य मतदाताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक एवं सशक्त करना होता है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी थाना क्षेत्र के नगवां निवासी प्रतिष्ठित समाजसेवी सह सीएसपी संचालक परमेश्वर दांगी के पुत्र अमन मेडिकल के संचालक अमन की मौत बीते रात्रि सड़क दुर्घटना में हो गई। अमन देर रात्रि शहरजाम गांव के अपने रिश्तेदार के घर से नगवां के लिए वापस आ रहा था। इस दौरान अचानक कार अनियंत्रित होकर दुर्घटना हो गई, जिसमें अमन की मौत हो गई।
































































## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गुमला के डीसी और एसडीओ को राज्य स्तरीय सम्मान



**गुमला।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रांची विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में गुमला जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बसिया जयवंती देवगम को विधानसभा और लोकसभा चुनावों में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को उत्कृष्ट जिला निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में सम्मान झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार गुमला जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और त्रुटिहीन चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए दिया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा की यह पुरस्कार गुमला जिले की निर्वाचन टीम के कठिन परिश्रम और समर्पण का नतीजा है। यह हमें भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। इसी क्रम में एसडीओ बसिया जयवंती देवगम को भी निर्वाचन प्रक्रिया में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने निर्वाचक निबंधन और निर्वाचन संचालन में अपनी कुशलता का प्रदर्शन करते हुए जिले की चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कराया। गुमला जिला प्रशासन ने निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और सशक्त बनाने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए। हर मतदाता के अधिकार की रक्षा और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने में इन प्रयासों की अहम भूमिका रही।

## मानव तस्करी के शिकार चार बालिकाओं का किया गया रेस्क्यू




**गुमला।** मानव तस्करी के खिलाफ गुमला जिला प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चार बालिकाओं को नई दिल्ली से रेस्क्यू कराकर सुरक्षित उनके गृह जिले गुमला में लाया है। ये सभी बालिकाएँ जिले के घाघरा, चैनपुर, बसिया और विशुनपुर प्रखंड की निवासी हैं, जिन्हें घरेलू कार्य के लिए दिल्ली ले जाया गया था। झारखंड भवन, नई दिल्ली के सहयोग से इन बालिकाओं को अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर मुक्त कराया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा चार सदस्यीय टीम को नई दिल्ली भेजा गया, जिसने सफलतापूर्वक इन बालिकाओं को वापस लाने का कार्य पूरा किया। गुमला पहुंचने पर बालिकाओं को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति के निर्देश पर उन्हें बालिका गृह, गुमला में अस्थायी रूप से रखा गया है। बालिकाओं की काउंसलिंग की जाएगी, जिसके बाद उन्हें उनके परिवारों में पुनर्वासित किया जाएगा। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी ने निर्देश दिया है कि बालिकाओं को शिक्षा और सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि उनके भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सके। गुमला जिला प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए मानव तस्करी जैसी अमानवीय कुप्रथा के उन्मूलन के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। प्रशासन ने सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ इस पूरी प्रक्रिया को अंजाम दिया है।

## गिरिडीह ने रोमांचक मुकाबले में गढ़वा को चार रन से दी शिकस्त




**गुमला।** शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे जेएससीए अंतर जिला अंडर-19 प्लेट ग्रुप क्रिकेट टूनामेंट के रोमांचक मुकाबले में गिरिडीह ने गढ़वा को मात्र 4 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस मैच में गिरिडीह की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 45 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 250 रन बनाए। टीम की ओर से शिवम कुमार (62), श्लोक कुमार (55), सौरभ (42), नैतिक (24), और अरविंद व ऋषिकेश ने 21-21 रन बनाए। गढ़वा के लिए अविराज कुमार ने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि घोष और रूपेश ने 2-2 विकेट हासिल किए। 251 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गढ़वा की टीम ने बेहतरीन शुरूआत की लेकिन अंत तक 6 विकेट गंवाकर 246 रन ही बना सकी। गढ़वा के अभिषेक कुमार सिंह ने शानदार 98 रनों की पारी खेली और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। रंजन कुमार (39) और आकाश सिंह (37) ने भी अहम योगदान दिया। गिरिडीह की ओर से महेंद्र मंडल ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए, जबकि ऋषिकेश और रौनक ने 2-2 विकेट हासिल किए। शानदार प्रदर्शन के लिए गढ़वा के अभिषेक कुमार सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें जेएससीए के मैच अधिकारियों ने 5000 नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा

Email Id- nrepgarhwa03@gmail.com

**–:निविदा शुद्धि पत्र:–**

एत्द द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना–02/2024-25/NREP/GARHWA जन सम्पर्क विभाग के **PR.NO.344386 NREP (24-25):D** से प्रकाशित जिसकी वेबासाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि:–24.01.2025, निविदा प्राप्ति की तिथि:–30.01.2025 तथा निविदा खोलने की तिथि:–03.02.2025 था को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

अन्य निविदा की शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
PR 345080 NREP(24-25)#D राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा

## 29 जनवरी को होगा जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन

**गुमला।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन और झारखंड राज्य आजीविका प्रोत्साहन सोसायटी (जे.एस.एल.पी.एस.) के संयुक्त तत्वावधान में 29 जनवरी 2025 को नगर भवन, गुमला में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का उद्घाटन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और उपविकास आयुक्त दिलेश्वर महतो द्वारा किया जाएगा। यह रोजगार मेला दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को प्रशिक्षण देकर नियमित वेतन आधारित रोजगार से जोड़ना और उनके भविष्य को सुदृढ़ बनाना है। इस मेले में देशभर की 20 प्रमुख कंपनियां भाग लेंगी, जो युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के आधार पर रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। जिला प्रशासन और जे.एस.एल.पी.एस. का मुख्य उद्देश्य इस मेले के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और जिले के मानव संसाधनों का समग्र विकास करना है।

### GOVT. OF JHARKHAND
### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA

**(3rd Call)**
**Very Short-Inviting E-Quotation No. 10/2024-25**
**Letter No.44 Dated-25.01.2025**

Rate though e-quotations are invited for "Material" category annexed as (i) 10 H.P. AC Solar Pump Solar Panel, Steel Structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacture/Supplier having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for Inclusion Estimates Under Minor Irrigation Circle, Hazaribagh, Government of Jharkhand to be used in different Pump Plants replacement operation maintenance work shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in

Details of work experience and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from 28.01.2025 2:00 P.M to 03.02.2025 at 5:00 P.M. The technical envelope will be opened on 05.02.2025 at 12:00 P.M.

The quotation is invited to ascertain and assess the rate of Materials at per the lowest market rate for framing of Estimates under Minor Irrigation Circle, Hazaribagh.

Address for Communication: -
Executive Engineer Minor Irrigation Division, Koderma
Mobile No. :- +91 99391 93214
Email - eemidkod-cemr-jhr@nic.in

**Executive Engineer
Minor Irrigation Division,
Koderma**

PR 345103 (Minor Irrigation)24-25*D

### कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

सभी खस्सी, बकरी, मुर्गा – मुर्गी आदि के मांस विक्रेताओं (बुचड़ों) को सूचित किया जाता है, कि 26 जनवरी 2025 (गणतंत्र दिवस) के शुभ अवसर पर दिनांक 26.01.2025 दिन शुक्रवार को पशु, पक्षी वध निशेध है।

अतः खस्सी– बकरी एवं मुर्गा – मुर्गी आदि के मांस विक्रेतागण दिनांक 26.01.2025 को अपनी – अपनी दुकाने बन्द रखेंगें, उस दिन जो भी खस्सी– बकरी एवं मुर्गा – मुर्गी आदि का वध करते पायें जायेंगे, उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 345079 (Urban Development)24-25*D

### कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद (पलामू)

Email Id – nphussainabad@gmail.com

**आम – सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रांतर्गत पिछड़े वर्गो को आरक्षण दिए जाने से संबंधित डोर–टू–डोर सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिसकी सर्वेक्षित सूची/वार्डवार सर्वे सूची कार्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित कर दिया गया है। आमजनों/व्यक्तियों से अपील है कि सर्वेक्षित सूची/वार्डवार सर्वे सूची में किसी भी प्रकार का त्रुटि/अशुद्धियाँ पायी जाने पर आपत्ति/शिकायत दिनांक – 30.01.2025 तक शिकायत निवारण पदाधिकारी (अंचल अधिकारी, हुसैनाबाद) के कार्यालय में दावा/आपत्ति कर सकते है।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद में संपर्क किया जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 345072 District(24-25)#D

### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

Tel :- 06562-231148
Email :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

ज्ञापांक................../ दिनांक................

**–: आम सूचना :–**

मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत पिछड़े वर्गों के आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर–टू–डोर सर्वें का कार्य किया जा रहा है। मेदिनीनगर नगर निगम का डोर–टू–डोर सर्वें के उपरान्त रिर्पोट को मेदिनीनगर नगर निगम के नोटिस बोर्ड एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.palamau.nic.in पर प्रकाशित किया जा रहा है। आमजन से अनुरोध है कि प्रकार्शित सर्वें रिपोर्ट पर यदि कोई आपत्ति हो तो रिपोर्ट प्रकाशित होने के 07 दिनों के अन्दर मेदिनीनगर नगर निगम के शिकायत निवारण पदाधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति अवश्य दर्ज करायें, ताकि आपत्ति का ससमय निराकरण किया जा सकें। ह0/–

सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 345071 (District)24-25*D

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**( चोरी गयी मोटरसाईकिल स्पलेण्डर पल्स )**

गढ़वा थाना कांड सं0–505/24 दिनांक–21.09.2024, धारा–303(2), बी0एन0एस0–2023 में चोरी गयी मोटरसाईकिल स्पलेण्डर पल्स जिसका रजि0 न0–JHO3AD–2393, इंजन नं0–HA11EYMHC80499, चेचिस नं0–MBLHAW120MHC82640 का दिनांक–21.09.2024 को अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 345070 Police(24-25)#D

### कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

पत्रांक–65 न0पं0 दिनांक– 25.01.2025

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक–04 लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण के अंतर्गत मझिऑव नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत छुटे हुए वैसे योग्य लाभुक जो इस योजना का लाभ नहीं ले सके है या किसी अन्य कारण से लाभ से वंचित है वे कार्यालय से सम्पर्क स्थापित करते हुए आवेदन पत्र वांछित दस्तावेज PMAY(U) कोषांग आवेदन समर्पित कर सकते है।

**आवेदन हेतु पात्रता :**
- आवेदक अथवा उसके परिवार के नाम पर भारत में कही भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए।
- योजना अंतर्गत लाभुक परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
- आवेदक का संबंधित निकाय क्षेत्र में अपना जमीन होना चाहिए।
- लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होंगे, जिनकी वार्शिक आय अधिकतम रू0 03 लाख हो।
- लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से किसी एक घटक का ही लाभ ले सकते हैं।

**आवदेन हेतु आवश्यक दस्तावेज :**
- ✓ परिवारिक फोटो।
- ✓ लाभुक के सभी सदस्य की आधार कार्ड की छायाप्रति।
- ✓ मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति।
- ✓ बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति।
- ✓ अपडेटेड मोबाईल नं0, जो आधार से Linked हो।
- ✓ भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ–पत्र।
- ✓ आय प्रमाण पत्र।
- ✓ जमीन का रसीद।
- ✓ भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र।
- ✓ अद्यतन Holding रसीद।

उक्त संबंधित जानकारी हेतु लाभार्थी नगर पंचायत मझिऑव **PMAY(U)** कोषांग से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव।

PR.NO.345113 Urban Development(24-25):D

### झारखण्ड सरकार
### कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

ई–मेल–dfogarhwa.fisheries@gmail.com

**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

गढ़वा जिले के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के मात्स्यिकी पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा नई योजना "प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना" की शुरुआत की गई है। यह नीली क्रांति के माध्यम से नीली क्रांति लाने की एक योजना है।उक्त योजना का मुख्य उद्देश्य मछली उत्पादन एवं उत्पदकता में बृद्धि, गणवत्ता तकनीकी आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अंतर को पाटना, मूल्य श्रृंखला का आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, मजबूत मत्स्य पालन प्रबंधन ढाचा का स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण है, जिससे मछुआरे एंव मत्स्य कृषकों की आय दुगुनी करने एवं रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक होगा।

वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24 में निम्नलिखित योजनाएँ चयनित हैं जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित कार्य | इकाई | इकाई लागत (लाख रुपये में) | भारत सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान की राषि राषि (लाख रु0 में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अ0जा0/अ0ज0जा0/महिला (इकाई लागत का 60%) | अन्य (इकाई लागत का 40%) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 (रिसकूलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 मी0³ क्षमता का 1 टैंक) | (सं0 में) | 7.50 | 4.50 | 3.00 |
| 2 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उंचाई के 7 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 7.50 | 4.50 | 3.00 |
| 3 | आइस बॉक्स युक्त मोटर साईकल, | (सं0 में) | 0.75 | 0.45 | 0.30 |
| लाभुक को अपने आवेदन में अंकित परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (DPR) अपने खर्च पर बनवाकर जमा करना होगा। | | | | | |

अतः उक्त योजना का लाभ लेने हेतु गढ़वा जिले के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में दिनांक 11.02.2025 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में निःशुल्क उपलब्ध है।

नोट :– इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 345108 (Fish)24-25*D

### कार्यालय, प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

**–: आवश्यक सूचना :–**

**भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों एवं जप्त वन पदार्थ से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु निम्नवत तिथि निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | सुनवाई की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/2023 | 14.07.2023 | 29.01.2025 | आरिफ अंसारी | Motorcycle Reg. No. JH-03A-9347 | कोयला लगभग 0.20 टन |
| 02 | 34/2023 | 23.09.2023 | 29.01.2025 | गंगा राम | Piaggio Tempu Reg. No. JH-08F-0615 | साल चौकठ 10 पीस |
| 03 | 07/2022 | 11.03.2022 | 29.01.2025 | करमा उरांव | JCB Reg. No. JH-02AL-3491, Engine No. HOO110684 | – |
| 04 | 16/2023 | 03.05.2023 | 05.02.2025 | अमीर | Motorcycle Reg. No. HR-27N-4276 | कोयला लगभग 03 टन |
| 05 | 21/2023 | 31.05.2023 | 05.02.2025 | हंसराज प्रसाद, पवन कुमार | Pickup Reg. No. JH-01T-0899 | साल चौकठ 12 पीस |
| 06 | 07/2024 | 07.05.2024 | 05.02.2025 | शंकर भुईयां | - | साल चौकठ चिरान 26 पीस |
| 07 | 12/2021 | 13.04.2021 | 05.02.2025 | मो0 अहमद | Tractor Engine No. 39.1355/SZD01931 | पत्थर 20 CFT |
| 08 | 19/2023 | 10.05.2023 | 05.02.2025 | रूपेश कुमार, उपेन्द्र कुमार | Pickup Van Reg. No. JH-01P-1314 | कोयला लगभग 100 CFT |
| 09 | 25/2023 | 02.06.2023 | 05.02.2025 | अरविन्द प्रसाद अनिल कुमार तुरी, मनोज उरांव | Motorcycle Reg. No. JH-03K-5301, JH-19D-5906, JH-19B-2933 | कोयला 750 किग्रा |
| 10 | 06/2024 | 07.05.2024 | 05.02.2025 | राजदेव उरांव, साधु उरांव | - | साल बल्ली 16 पीस |
| 11 | 02/2024 | 22.02.2024 | 05.02.2025 | गुमानी भुईयां, बलराम उरांव, राकेश यादव, मनोज यादव | - | आसन फल्ली 05 पीस |
| 12 | 35/2022 | 01.11.2022 | 19.02.2025 | मुकेश कुमार | Truck Reg. No. JH-02AF-1522 | कोयला लगभग 25.020 MT |
| 13 | 09/2024 | 25.05.2024 | 19.02.2025 | विजय कुमार साहु | Truck Reg. No. JH-02BM-4267 | कोयला लगभग 30 टन |
| 14 | 40/2023 | 01.12.2023 | 19.02.2025 | केश्वर सिंह, राजेश सिंह | - | सीधा बल्ली 15 पीस |
| 15 | 24/2023 | 31.05.2023 | 19.02.2025 | पवन कुमार | Motorcycle Reg. No. JH-01N-6823 | गम्हार पटरा 04 पीस |
| 16 | 10/2024 | 19.06.2024 | 19.02.2025 | कुन्दन कुमार भुईया, अमलेश कुमार, उपेन्द्र कुमार | - | करम बोटा 02 पीस, आरा 02 पीस, कुल्हाडी 01 पीस |
| 17 | 02/2023 | 10.01.2023 | 19.02.2025 | गुलजार अहमद | Truck Reg. No. JH-01BE-8398 | साल बोटा 81 पीस |
| 18 | 35/2023 | 11.10.2023 | 19.02.2025 | रविन्द्र साव | Tempu Reg. No.JH-19C-9160 | सेमल पटरा 25 पीस |
| 19 | 41/2023 | 05.12.2023 | 19.02.2025 | अवधेश यादव, संतोष यादव | - | करम चौकठ 10 पीस, करम बोटा 01 पीस, आरा 01 पीस |
| 20 | 29/2023 | 16.06.2023 | 19.02.2025 | सुमन्त कुमार, कमलेश यादव | Mahendra Tractor Reg. No. JH-08D-9761, Eng. No.RYNB00729 | साल बल्ली 31 पीस |
| 21 | 16/2024 | 29.11.2024 | 19.02.2025 | अक्लदेव सिंह, मिथिलेश यादव, अरविन्द सिंह | Mahendra Tractor Chassis No. MBNABAEXKLRD02248 | साल एवं चकुण्डी बल्ली 48 पीस |
| 22 | 37/2023 | 30.10.2023 | 19.02.2025 | लक्ष्मण यादव, नारायणभोक्ता | Tractor Reg. No. JH-19A-4416 | बालू 80 CFT |
| 23 | 14/2024 | 29.11.2024 | 19.02.2025 | उपेन्द्र उरांव | JCB Reg. No. JH-19A-4416 | |
| 24 | 15/2024 | 29.11.2024 | 19.02.2025 | महमूद अंसारी, बुधन गंझू | Tempu Reg. No. JH-08B-6914 | साल चौकठ 09 पीस |
| 25 | 13/2024 | 29.11.2024 | 19.02.2025 | प्रहलाद सिंह | Truck Reg. No. JH-19B-2277 | खैर टुकडा 945 पीस |
| 26 | 17/2024 | 29.11.2024 | 19.02.2025 | सुनील उरांव, आसिर अंसारी, अप्पु अंसारी | - | सेमल पटरा 55 पीस |
| 27 | 12/2019 | 20.06.2019 | 19.02.2025 | महेन्द्र गंझू, जगदीश साव, इन्द्रजीत कु0 सिंह | JCB Reg. No. JH-19A-9961, Tractor Reg. No. JH-13E-4825 | पत्थर लगभग 6000 टन |
| 28 | 06/2020 | 04.06.2020 | 19.02.2025 | हीरालाल महतो, मुकेश महतो, कृष्ण कु0 यादव, संजीव कु0 सिंह, सुजित कुमार | JCB Eng. No. 804545-731127948, Hywa Eng. No. GHPZ145035 | बालू 02 टन |
| 29 | 07/2020 | 04.06.2020 | 19.02.2025 | आशीश कु0 उपाध्याय | Truck Reg. No. JH-02V-4089 | कोयला लगभग 05टन |
| 30 | 11/2018 | 14.03.2018 | 05.03.2025 | पुरन उरांव, बिनोद राम | Tractor Reg. No. JH-13B-6324, JH-11G-3304 | पत्थर लगभग 04 टन |
| 31 | 32/2023 | 12.07.2023 | 05.03.2025 | राकेश कु0 सिंह | Tractor Reg. No.JH-19C-3824 | केन्दू पत्ता 19 बोरा |
| 32 | 30/2023 | 20.06.2023 | 05.03.2025 | संजय सिंह, भोला साव | Tractor Reg. No. JH-13E-1915, JH-08D-0696 | पत्थर लगभग 06 टन |
| 33 | 22/2023 | 18.05.2023 | 05.03.2025 | कमला गंझू | Tractor Engine No. 331008/SDE02818, Chassis No. MBNAG4ACMTF73025 | कोयला लगभग 15 टन |
| 34 | 01/2024 | 18.01.2024 | 19.02.2025 | छोटू राय उर्फ गुड्डू राय | - | यूकेलिप्टस बोटा 19पीस |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित सुनवाई की तिथि को 11:00 बजे पर्वाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वाहन एवं वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

PR.NO.345093 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D

# चाशनी में लिपटा दर्द



सुरेश चंद्र झा

नए वर्ष की तैयारियों और वर्तमान वर्ष की आखिरी रात में उसकी विदाई का जश्न। ऐसा ही होता आया है सदा से, पुराने की समय समाप्ति का थोड़ा दुख और नवागत के स्वागत का जश्न। उस झुग्गी से साफ नजर आ रहा था वो बड़ा सा आलीशान भवन, जो रंग बिरंगे झाड़-फानूस से सुसज्जित था, रंगबिरंगी रोशनी से नहाता हुआ। संगीत की कभी मधुर, कभी कर्कश ध्वनि झुग्गी को भी प्रकम्पित कर रही थी। इस गरीबी में संगीत भी कर्णकटु हो जाता है, दरिद्रता कभी संगीतमय तो हो नहीं सकती,दोनों में छत्तीस का आंकड़ा होता है फिर भी दरिद्रता या अभाव मिटाने को संगीत का भी सहारा लेना पड़ता है। तीनों बच्चे,अपनी झुग्गी में खेल रहे थे। मां एक कोने में खाना बना रही थी।वह जल्दी जल्दी अपने उस पोलेथिन वाली छत के नीचे, जिसे रैन बसेरा तक कहना भी रैन बसेरा शब्द की परिभाषा को लज्जित करना होगा,वहीं चूल्हा जला, पेट की भूख को शांत करने का प्रयत्न कर रही थी। अभी बारह बजे उस बड़ी बिल्डिंग के पास बने फुटपाथ पर छोटे बेटे को गोद में लेकर खड़ा होना था, कार से गुजरते लोगों से मांगने, ट्रैफिक सिग्नल के पास। इतनी रात गए भीख के लिए खड़े होने के पीछे भी वही एक चीज थी,अमूर्त रूप से, वो थी भूख। अभी इस क्लब से सारे लोग आधी रात तक जश्न मनाकर निकलेंगे, उस समय वे अच्छे मूड में नशे की हालत में होंगे, नए साल के आने की खुशी उन्हें बिना कारण ही दिलदार बना देगी। गाड़ी के किसी न किसी शीशे से कुछ भी तो मिलेगा, इसी आस में उन खिड़कियों को खटखटाना भी तो था। खाना बनाकर तीनों बच्चों को लेकर वो निकल पड़ी, ट्रैफिक सिग्नल के पास। तकरीवन 15-20 गाड़ियों के शीशे नीचे हुए और अच्छी कमाई हो गई, उस रात की। सुबह का इंतजार करते, गुदड़ी पर सोते और ओढ़े हुए गुदड़ी से आती ठंड की कंपकपी और नींद के झोंकों के बीच कब सामंजस्य बैठ गया, इसका एहसास ही न हुआ। बच्चों के शोरगुल से जब आंखें खुलीं तो देखा दोनों बच्चे सुंदर सुंदर कपड़ों में सजे से बैठे थे, आज उन्हें कपड़े पहनना न पड़ा मां को। उसे आज वो बहुत प्यारे लग रहे थे।आंखों को पोंछ उसने बच्चों से पूछा, ये जो साहब ने कपड़े दिए थे,वही हैं न। हाँ माँ, अरे नासपीटो, साहब के बच्चे बन भीख मिलेगी? इन्हें तो खोलना पड़ेगा, वरना आज कोई भीख भी नहीं देगा। आज नए साल का पहला दिन है न आज बहुत कमाई होगी। उसे अपने प्यारे बच्चों की खुशियों को नेस्तनाबूद करने में खुद ही बहुत कष्ट हो रहा था, पर कमाई न होने पर जो तकलीफ होती उससे तो ये कम ही था न। न चाहते हुए भी उसे कहना पड़ा जाओ, फटे कपड़ों को पहनो। बच्चे तृषित नजरों से उन कपड़ों को देखते रहे, जिन्हें उतारा था। और फटे पुराने कपड़े पहन मां की उंगलियों को पकड़ पार्क के गेट के पास जाकर, अपने पेट पर हाथ मारते राहगीरों की ओर अपनी नन्हीं हथेली पसारते रहे कि कोई तरस खा, कुछ पैसे उनके हाथों पर रख दें। नए कपड़े पहन खूबसूरत से लग रहे जो बच्चे अपनी मान के संग पार्क में जा रहे थे, उन्हें वे हसरत भरी निगाहों से देखते रहे।

# समय साक्षी गजल संकलन 'दिल बंजारा'

कृति चर्चा



आचार्य संजीव वर्मा 'सलिल'




भारतीय भाषाओं की द्विपदियों ने समय के साथ साक्षात करते हुए खुद को विविध रूपों में ढाला है। संस्कृत में श्लोक, हिंदी में दोहा-सोरठा और फारसी में शे'र के रूप में कथ्य और शिल्प के विविध संयोजनों और रंगों ने अपने समय का सच उद्घाटित किया। दोहों और शे'रों (अशआर) में अर्थ गांभीर्य और नफासत गीति-सलिला के दो किनारों की तरह सतत प्रवाहमान रहे हैं। काव्य सत्य के शूल को कल्पना के फूल के साथ ग्रहणीय बनाने की कला है। इस कला को साधना पीर और धीर, दर्द और हर्ष को साँस-साँस, साथ-साथ जीने की तरह है। हिमकर श्याम सोते-जागते इस अंतर्विरोध को बखूबी जीते रहे हैं। समय ने उनकी कड़ी परीक्षा ली है और वे समय की आँखों में आँखें डालकर हर बार जीतते आए हैं। उनकी गजलें इस संघर्ष को बखूबी बयान करती है। ये गजलें किसी भाषा की सरहदों में कैद नहीं हैं, ये आम आदमी की जुबान की कायल हैं। जज्बात बयानी के लिए जब जहाँ जो शब्द सटीक लगा उसे लेने में हिमकर को गुरेज नहीं है। दोहकार-गजलकार-कवि हिमकर छंद और बह्र दोनों को गंभीरता से लेते हैं। उनके दोहे हिंदी के मात्रा और लय के अनुसार लिखे जाते हैं तो शे'र बह्र के वज्न और तरन्नुम का खयाल रखते हैं। मौजूदा दौर में अदब में छा रहे छिछोरेपन और नकारात्मकता को दरकिनार करते हुए हिमकर 'है' पर 'हो' को वरीयता देते हुए गजल को आशिकों-माशूक की हसीन गुफ्तगू नहीं, आम लोगों के जद्दोजहद और उम्मीदों का तब्सिरा मानते हैं। उनके लिए लिखना पेशा नहीं पूजा है।

दीवान की शुरूआत में ही गजलकार अदब में हाथ आजमाने का मकसद बयां करता है-
मिटाना हर बुराई चाहता हूँ / जमाने की भलाई चाहता हूँ। लकीरों से नहीं हारा अभी मैं / मुकद्दर से लड़ाई चाहता हूँ। हर हाल में हिम्मत और हौसले के झण्डा बुलंद कर हार रहे लोगों को जीतने का रास्ता दिखाती गजलें फारस नहीं, भारत की माटी और संस्कार की थाती सम्हाले है-
राह मुश्किल सही हौसला कीजिए / क्या किसी का यहाँ आसरा कीजिए। धर्म क्या, जात क्या देखिए खूबियाँ / फर्क अच्छे-बुरे में किया कीजिए। और- मुश्किलों को हौसलों से पार कर / जिंदगी के मरहलों से प्यार कर सामने आते मसाइल नित नये / बैठ मत इन गर्दिशों से हार कर कोशिशों की कामयाबी के लिए काबलियत भी जरूरी है। नौजवानों को हुनरमंद होने की अहमियत मालूम होना ही चाहिए-
हर कदम पे हुनर काम आता यहाँ / कौन देता भला साथ फन के सिवा भारत के सनातन मूल्यों में सहअस्तित्व, समानता और सहिष्णुता नीव के पत्थर की तरह है। इसलिए भारत कभी हमलावर नहीं हुआ। हिमकर समानता का उद्घोष करते हैं-
छोटा नहीं है कोई न कोई यहाँ बड़ा / कुदरत ने हर किसी को बराबर बना दिया।

कोशिश करनेवालों की हौसला अफजाई करते हुए गजलगो उम्मीद का दामन थामे रहने का मशवरा देता है-
अँधेरा हर तरफ गहरा हुआ लेकिन / कहीं उम्मीद का इक दीप जलता है।

आदमी में खूबियों और खामियों दोनों का होना लाजमी है लेकिन हर बशर खुद को खामियों से दूर और खूबियों से भरपूर मानने की गलतफहमी पाल लेता है। बकौल हिमकर- खामियाँ अपनी कहाँ आतीं नजर इंसान को / दूसरों की खूबियाँ किसको कभी अच्छी लगी।

तरक्कीपसंद दिखाने की होड़ में समाज अपनी विरासत से दूर होता जा रहा है। सादगी की जगह दिखावा पसंद करती नई पीढ़ी को आईना दिखाते हैं हिमकर- ढल रहे हैं लोग सारे इक नयी तहजीब में / बात मीठी है जुबां पर हाथ में शमशीर भी नेकियाँ ईमां शराफत सादगी दरियादिली / पास इंसां के कभी थी ये बड़ी जागीर भी आम आदमी की जिन्दगी में दिनों-दिन ज्यादा से ज्यादा जहर घोलती सियासत के खतरे से चेताते हुए शायर किसी पार्टी या नेता का नाम लिए बिना कड़वी हकीकत पूरी ईमानदारी से बयां करता है-
फक्त आंकड़ों में नुमाया तरक्की / यहाँ मुफलिसी दर-ब-दर फिर रही है।
कब तक यूं बहलाएँगे/ कब अच्छे दिन आएँगे।
है सारा खेल कुर्सी का समझते क्यों नहीं लोगों / लगाकर आग नफरत की उन्हें बस वोट पाना है
अब भरोसा उठ गया इंसाफ से / हाय इकतरफा बयानी मुल्क में फकत लीडरों में है उलझा सिपाही / भला कैसे होगी हिफाजत किसी की। इन गजलों में मुहावरों, लोकोक्तियों आदि को बखूबी शामिल किया गया है-
साँच को आँच नहीं कहता पर / सच सलीके से दबा रखा है। किसी ने याद किया आज मुझको शिद्दत से / खड़ी हैं साथ मिरे हिचकियाँ गवाहों में चादर से बढ़कर पाँव न निकल कभी मेरा / होता नहीं निबाह भी रस्ता दिखाइए। भारत की सरजमीं के जरखेजपन पर पूरी तरह भरोसा है हिमकर को। शायर भारत की बहुरंगी सभ्यता और संस्कृति का कल है। उसे पूरा भरोसा है कि वहशत के इस दौर में भी भारत महफूज है और रहेगा-
कोई नफरत भी बोता तो पनपती है मुहब्बत ही / अजब जादू है माटी में, कोई वरदान है भारत 'दिल बंजारा' की गजलों की कसौटी शायर ने ही तय कर दी है-
गजल ऐसी कहो जो दिल को छू ले / न पहुँचे दिल तलक क्या शायरी है

है एहसास इसमें तो छूती है दिल / सुखन को है करती मोअत्तर गजल इन गजलों में फिक्रे कुदरत है तो टूटते परिवार और बूढ़े माँ-बाप की चिंता भी है, समाज की बदसूरत तस्वीर है तो खूबसूरत और दिलकश चित्र भी हैं, तराजू के दो पलड़ों की तरह गजलों के अश'आर धूप-छाँव दोनों को सामने लाते हैं। अ इन गजलों के कई शे'र वाम की जुबान पर चढ़ने का माद्दा रखते हैं। बकौल हिमकर- सबके हिस्से की कुछ चिट्ठी / बाँट रहा हिमकर हरकारा ये केवल अशआर नहीं हैं हिमकर के / अपने गम शेरों में ढाले है साहब जब रचनाकार रचना को होने देता है तब वह अपनी स्वाभाविकता में मन में घर कर लेती है लेकिन जब रचनाकार कथ्य को अपने अनुसार पेश करना चाहता है तो वह बनावटी हो जाता है। दिल बंजारा की गजलें दिल से दिल तक का सफर करने में समर्थ हैं।

# खरार्टा



रंजना वर्मा उन्मुक्त

ठीक से जाईयेगा। पहुँचकर फोन कर दीजिएगा। शुभ यात्रा, पिताजी। जरूर बेटा, धन्यवाद। राधे श्याम जी अपनी बहन के पास जा रहे थे। बच्चे उन्हें फ्लाइट से जाने को कह रहे थे। लेकिन राधे श्याम जी रेल गाड़ी की यात्रा का आनंद उठाना चाहते थे। नीचे की बर्थ पर खिड़की के पास आसन लगाकर वे बैठ गए। अंकल ,आप ऊपर वाली बर्थ पर जा सकते हैं? मेरी सास ऊपर नहीं चढ़ पाएंगी।... सास और अपने दो बच्चों के साथ चढ़ी एक महिला ने उनसे कहा। ऊपर तुम चली जाना। ... राधेश्याम जी किसी भी हालत में नीचे का बर्थ छोड़ने को तैयार नहीं थे। बच्चे छोटे हैं अंकल, मुझे ऊपर जाने में परेशानी होगी। लेकिन राधेश्याम जी टस से मस नहीं हुए। थोड़ी देर में उस महिला के बच्चे अपने शरारती अवतार में आ गए। उनके उछल-कूद से राधेश्याम जी को परेशानी होने लगी तो उन्होंने ऊपरी बर्थ पर जाना ही मुनासिब समझा। थोड़ी देर में सारे यात्री सोने की तैयारी करने लगे। अब राधेश्याम जी को भी नींद आने लगी थी। पूरी बोगी में अब शांति हो गई थी। लेकिन एक यात्री अपने मोबाइल पर पिक्चर देख रहा था। मोबाइल की आवाज राधेश्याम जी की नींद में खलल डाल रही थी। वह बार-बार उस यात्री को आवाज कम करने को बोल रहे थे। लेकिन वह नहीं मान रहा था। अंत में वे चिल्ला कर बोल उठे, मोबाइल बंद कर दीजिए, मैं सो नहीं पा रहा हूँ। उस व्यक्ति ने झल्लाकर मोबाइल बंद कर दिया। शांति होते ही राधेश्याम जी को गहरी नींद में आ गयी। नींद आते ही राधेश्याम जी के खरार्टे रेलगाड़ी के चलने की आवाज से जुगलबंदी करने लगे। खरार्टे के साथ वे स्वप्न लोक में भी विचरण कर रहे थे। स्वप्न में ही उन्होंने किसी को अपने पैर से किक मारी। एक चीख के साथ उनकी आँखें खुल गई। वे अपने बर्थ पर आधे लटके हुए थे और मोबाइल वाला व्यक्ति उनके सामने, उनको घूरता हुआ खड़ा था। अब चिल्लाने की बारी उसकी थी। इतनी शोर में हम लोग कैसे सो सकते हैं? जरा सोचिए।



# महाकुंभ



पुष्पा पाण्डेय

चाची! आप कुम्भ स्नान के लिए नहीं जाइयेगा? चलना है तो चलिए, ये अंतिम खेप बस जा रही है।

गाँव का ही एक युवक ड्राइवर था जो भाड़े पर बस से गाँव के लोगों को लेकर प्रयाग जा रहा था। अकेली महिला भी उसमें सुरक्षित थी।

शांति चाची ने बड़े इत्मिनान से कहा। बेटा, मैं कैसे बाबा को छोड़कर जाऊँगी। तुम तो जानते ही हो कि एक साल से बाबा बिस्तर पर हैं। उन्हें छोड़कर कैसे जाऊँगी? हफ्ता भर से ज्यादा समय लग जायेगा।

शांति चाची कम उम्र में ही विधवा हो गयी थीं। एक बेटी की जिम्मेवारी और ससुर जी का प्यार और पिता तुल्य स्नेह उनके जीने का सहारा बना था। जेठानी को इनसे बनी नहीं और जेठ जी अलग हो गये, पर ससुर ने साथ नहीं छोड़ा।

अरे चाची, कुछ दिन तो बड़की चाची की ड्यूटी लगा दीजिए। वो तो कुम्भ स्नान करके आ भी गयीं।



शान्ति चाची ने बड़े संतोष के साथ कहा।

नहीं बेटा, हम अपनी जिम्मेवारी दूसरे को कैसे सौप सकते हैं? वो स्वयं आगे आती तो बात अलग थी। बेचारा वह ड्राइवर शान्ति चाची के लिए दुखी हो रहा था। लगभग सभी प्रयाग पहुँच गये, आप ही बाकी रह गयी। ऐसी सुविधा दुबारा नहीं मिलेगी। मेरे रहते आपको कोई तकलीफ नहीं होती।

मैं जानती हूँ बेटा, लेकिन तुम एक दिन कुम्भ नहाने की बात कर रहे हो, मैं तो रोज कुम्भ-स्नान कर रही हूँ। पिता की सेवा से बढ़कर कुम्भ-स्नान का पुण्य अधिक नहीं होगा।

# प्राथमिकता



अरुणा झा

ऑफिस से घर पहुंचते ही बेटी ने आकर जानकारी दी-दीपक अंकल आए थे, जो कल ही गांव से आए हैं। उनके हाथ दादाजी ने ये पत्र भिजवाए हैं। जूता खोलने से पहले ही एक साँस में मुकेश ने पत्र पढ़ डाला बैल बिक गए... धान की पैदावार नहीं के बराबर...माँ खटिया से फिर से गिर पड़ी है ... सिर में गहरी चोट लगी है... पैसों का अभाव है। फोन करने के लिए बूथ पर जाना होगा जहां जाने में अस्वस्थता के कारण असमर्थ हूँ ... इसलिए दीपक के हाथों पत्र भिजवा रहा हूँ। मुकेश का मन हाहाकार कर उठा। क्या करें क्या ना करें? एक तरफ पारिवारिक जिम्मेदारी, दूसरी तरफ कर्तव्य। भीतर कमरे में पत्नी तैयार हो रही थी। बेटा जूते बाँध रहा था। निःसंदेह पत्नी ने भी पढ़ा होगा पत्र। फिर याद आया अरे! आज तो बाजार जाना है बच्चों के साथ 'बावन इंच का टेलीविजन' जो लेने का वादा किया था सबसे। पत्नी से कुछ भी करने की हिम्मत नहीं हुई। थोड़ी देर बाद वे चारों कार से बाजार की तरफ जा रहे थे और टेबल पर रखा पत्र मुँह बाए देख रहा था।



# कभी यूँ भी

आते हो जब भी
लगा कर आते हो
आँखों में
जरूरतों का काजल,
ओढ़ कर मतलबी
मुस्कान
और पहनकर जल्दबाजी
की चप्पलें।
कभी यूँ भी आओ
कि पोंछ दो मेरा बहता
काजल,
झाँक लो मेरी मुस्कान
की ओट से
उठता हुआ धुआँ...
आते हो जब भी
पहनकर उलाहनों
का लिबास,
जेबों में लाते हो भरकर
शिकायतों के कंकड़।

कभी यूँ भी आओ
टाँग कर अपने घर
की कीली पर
सभी उलाहने,
बंद कर के आओ
शिकायतों को ताले में
खोलकर दिल की
जंग लगी साँकल
कह दो कि आज मैं
सिर्फ तुमसे मिलने
आया हूँ
कैसे हो मेरे यार...?



-डॉ सुरिंदर कौर नीलम

# उर्जित नया यह साल हो



गीता चौबे गूँज

प्रेम से उर्जित नया यह
साल हो।
खुश हमारे देश का हर
लाल हो।।
रंग अब
बिखरे नहीं
परिवार के।
जंग से टूटे न
पर संसार
के।।
फिर नहीं अब भेड़ियों की
खाल हो,
प्रेम से उर्जित नया यह
साल हो।।
बेवजह सूरज नहीं अब
अस्त हो।
आपदाओं से न कोई त्रस्त
हो।।
सुर मिले जिसमें नया इक
ताल हो,
प्रेम से उर्जित नया यह
साल हो।।
कूक कोयल की न
विस्मृत हो कभी।
बाज उपवन में न आए
एक भी।।
रोग से असमय न आया
काल हो,
प्रेम से उर्जित नया यह
साल हो।।
बोल कड़वे ओष्ठ से
निकलें नहीं।
लोभ से इंसान अब
विचले नहीं।।
दीप्त-किरणों-सा चमकता
भाल हो,
प्रेम से उर्जित नया यह
साल हो।।

# रंजिशें



रश्मि सिंह

रंजिशें पालते उम्र तमाम बिताते हैं,
रह जाते हैं तन्हा तो वह याद आते हैं।
बीती बातों पर आंसू बहाना
फिजुल है,
आने वाला पल अब
खुशनुमा बनाते हैं।
सुधारें वो गल्तियाँ पहले जो
की हमने,
छूटे जो पीछे उनको आगे लाते हैं।
वक्त के साथ जमती गयी थी धूल जिनपर,
प्यार का उन पर चलो फिर वर्क चढ़ाते हैं।
दो पल की मुलाकात है मुश्किल से होती,
शिकवों शिकायतों में न इसे गंवाते हैं।
अपनी, अपनों की सोचते निकल उम्र गयी,
इस नये साल गैरों पे खुशियाँ लुटाते हैं।

काव्य कोना

## लौटना, पराजय नहीं है

लोग कहते हैं, कहनें का क्या कीजिए?
लौट जाने को पराजय न मान लीजिए।
मां बाबा से सुनी बचपन की
कहानी याद कीजिए
पहला कदम, न कोई डर
बुलाया जिधर, मुड़ गये उधर
मुड़ना, वो गिरना फिर गिर कर सँभलना
बढ़ना और फिर आगे ही बढ़ना
जीवन के पथ पर शुरूआती कदम वह
एक सीख बुनियाद, वहीं है।
लोग कहते हैं, कहनें का क्या कीजिए?
लौट जाने को पराजय न मान लीजिए।
जीवन सरल है, जटिल न बनाइये
बीते पलों की शिकायत से अगले क्षण
को न हैरान कीजिए
जय-पराजय की विवेचना तो लोग
करते रहेंगे
पथ पर चलने के पथिक के धर्म
का निर्वाह कीजिए
अपने जीवन के बोलों को थोड़ी हवा दीजिए।
लोग कहते हैं, कहनें का क्या कीजिए?
लौट जाने को पराजय न मान लीजिए।

नाग मणि

व्यंग्य वार्ता

# जेल जाने का सुख



ललन शर्मा

हुआ यूँ कि एक महापुरूष मंगल-टीका किए, फूल-मालाओं से लदे अपने शुभ चिन्तकों के काफिले, नारे, बैंड बाजों के साथ चेतना रथ पर सवार होकर चले जा रहे थे। नारेबाजी एवं ट्राफिक जाम करता हुआ जूलूस जेल-गेट के पास पहूँचा और वह महापुरूष अपने रथ से उतरे और जेल की तरफ बढ़े तभी मैंने उत्सुकता से पूछा- आप कहाँ जा रहे है अभी तो कोई मुद्दा या चुनावी समर का समय भी नहीं है।

उक्त महापुरूष ने बड़े गर्व से कहा- शर्मा जी! मैं जेल जा रहा हूँ। अभी मेरे पास समय नहीं है। दो-चार महिने बाद आऊँगा तो मिलिएगा, विस्तार से चर्चा होगी उन्हें विजयी मुद्रा में जेल जाते देख मेरे शोधी दिमाग में चिन्तन शुरू हो गया। मुझे लगा कि जेल जाने में जरूर कोई खास बात है। बस क्या था, कई जेलों के दर्शन किए, वहाँ ठहरे मेहमानों से गुफ्तगूँ की, इन्टरव्यू लिया। उसके बाद मुझे यह 'अन्तर्ज्ञान' प्राप्त हुआ कि जेल जाने में अपना एक सुख है, आनंद है। मेरे शोध कि हिसाब से मेरे महान भारत में जेल एक ऐसा पवित्र स्थान है जहाँ के दर्शन किए बगैर व्यक्ति सफल नहीं हो सकता है चाहे वह चारों धाम में अपना सर पटक ले। जेल ही वह धाम है जहाँ से व्यक्ति की कुण्डली में राजयोग, अष्टमहालक्ष्मी योग आदि अच्छे-अच्छे योग की ऋद्धि-सिद्धि होती है। जेल ही वह सच्चा भारत है जहाँ डेमोक्रेसी का वास्तविक स्वरूप दिखता है। सभी साथ-साथ रहते हैं जो कुछ मिलता है उसे मिल बाँट लेते हैं। कभी भी अलग से मुस्लिम बस्ती, हिन्दू टोला, यादव टोला या भूमिहार टोला नहीं दिखता। सभी एक साथ जेल का सुख भोगते हैं। जेल जाने से बड़े-बड़े काम (कांड) को अंजाम देने की प्रेरणा भी मिलती है। रंगदारी का



शुभ व्यवसाय भी यहीं से फलता-फूलता है। वैसे जेल जाने की प्रक्रिया आजाद़ी के आंदोलन के समय शुरू हुई थी इसे आज भी जारी रखा है देशभक्तों ने। उस जमाने में तो जेल का नाम सुनते ही आम आदमी की हवा निकल जाती थी परन्तु आज तो जेल की हवा खाने लोग इस तरह जाने हैं जैसे पिकनिक पर जा रहे हैं। इससे सोशल स्टेटस भी बढ़ता है। जेल से राजनीति का सुख भी प्राप्त होता है। जेल को राजनीति का अखाड़ा भी कहा जाता है। देश में जितने भी दंगल आयोजित होते हैं उसका केन्द्र बिन्दु जेल ही होता है। बड़े खुशी की बात है कि हमारे देश में जितने भी सफल नेता हैं... वे जेल की हवा खा कर ही सुखी जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

जेल जाने के और भी कई टिकाऊ फायदे है जैसे- 'छोटा राजन' जेल जाकर 'बड़ा राजन' हो जाता है इससे राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संबंध बनाने में सुविधा होती है क्योंकि जेल सभी लोगों का मिलन स्थल होता है। अगर व्यक्ति को सामाजिक असुरक्षा महसूस हो, दुश्मनों की गोली का भय हो तो जेल जाना ज्यादा सुविधा जनक एवं सुरक्षाजनक होता है क्योंकि सामाजिक सुरक्षा की गारंटी पुलिस नहीं ले सकती। जेल में रहकर स्वास्थ्य लाभ लेना, अपने इलाज कराने का सुख भी आजकल का फैशन है यह भी पता चला है कि जेल में रहकर चुनाव लड़ने का अपना मजा है इससे सत्ता-सुन्दरी तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। बाहर रहकर ऐसा करने पर एनकाउन्टर का खतरा रहता है। मेरे शोध से पता चलता है जेल जाने के लिए कोई शिक्षा-दिक्षा, शैक्षणिक योग्यता, उम्र सीमा, आचरण प्रमाण की जरूरत नहीं होती है। जेल के बड़े-बड़े लौह द्वार सभी के लिए खुले रहते हैं यहाँ आने से ही सभी प्रकार के ज्ञान प्राप्त हो जाते हैं जिसे स्कूलों, कालेजों में पढ़कर प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसलिए सरकार ने जन-शिक्षा पर जोर देना छोड़ दिया है उसका मानना है कि जिसे अपना व्यक्तित्व विकास कराना है, ज्ञान वर्द्धन करना है, समझदार, सफल और अनुभवी होना है वे सीधे जेल जायें। इसलिए सरकार जेलों पर ज्यादा खर्च करने लगी है। जेलों का सुन्दरीकरण किया जा रहा है ताकि वहाँ रह रहे अतिथियों के मनोरंजन के लिए सुर-सुरा-सुन्दरियाँ आ सके। नाच, गाना, मुजरा हो सके। कहने का अर्थ है कि जिसे ऐसा सुख प्राप्त करना है तो वे जेल जाने की सुविधा का लाभ एक बार अवश्य उठाएँ। तथा औरों को भी प्रेरित करें। मैंने यह भी पाया है कि आजकल जो भी बड़े धंधे है चाहे वह सरकारी हो या गैर सरकारी हो, उसे वही हासिल कर सकता है जिसे जेल जाने का गाढ़ा अनुभव हो। सभी को पता है कि भगवान बुद्ध को बोधिवृक्ष के नीचे अन्तर्बोध प्राप्त हुआ था इसलिए हर जेलों में भी बोधिवृक्ष की व्यवस्था है। अगर वहाँ न हुआ तो थाना में यह वृक्ष मिल ही जाता है। अर्थात थाना से ही जेल जाने के सुख का मार्गदर्शन प्राप्त होता है अतः लोगों को चाहिए कि इस बोध को अपना मोक्ष मंत्र माने और जेल के रास्ते चलते हुए सभी प्रकार के सुख का भोग करे तथा जेल भोगी बनें।

-संयोजन : नरेश अग्रवाल

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

## आज का दोहा

**आजादी पर हो रहे, हैं, रह रह कर वार।**
**दुश्मन अब बैठा नहीं, सात समुंदर पार।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

# माँ की जिद



ब्रजेंद्र नाथ मिश्र

मेरी माँ को बी पी और गैस की बीमारी है। उसकी उम्र 75 साल करीब है। जब भी उसकी तकलीफ बढ़ जाती है तो उसका फोन मेरे पास जरूर आता है। मैं तो कोई नुस्खा तो उसे नहीं बता पाती, लेकिन दवा खाने की याद दिला देती हूँ। खा ली है या नहीं पूछ लेती हूँ? अपनी तकलीफ मुझसे साझा कर लेने से ही उसकी तकलीफ कम हो जाती है। उसे इसी से संतोष हो जाता है। माँ इन दिनों हमारे भाई के साथ पुणे में रह रही है। मेरा भाई पुणे के रोहू रोड के आयुध कारखाने में जनरल मैनेजर है। मेरी छोटी बहन जो नागपुर में रहती है फोन पर जब भी बात करती है कम- से - कम आधा घंटा और अधिक - से - अधिक की कोइ सीमा नहीं है। तो उस दिन मेरी नागपुर वाली छोटी बहन फोन पर बात बताकर खूब हंस रही थी, अरे, मईया तो गजब कर देलकौ राते। तू तो जानित हैं न कि भैया पथरी के ऑपरेशन के लिए रूबी हॉल हॉस्पिटल, पुणे में भर्ती थे। भाभी भी रात को वहीं रह गई थी। सारे नौकर - चाकर रात के घर का काम खत्म करके अपने - अपने घर जाने वाले थे। उसी समय अचानक माँ की तबियत खराब हो गई। वह नौकरों को बोली, तू लोग घर मत जा। जैसे ही वो लोग बोला कि साहब को खबर कर देते है। माँ बोली, खबरदार, ओकरा कुछ मत कहर। हमरा अस्पताल ले चल। वहीं कैंपस के अंदर ही फैक्ट्री का छोटा - सा करीब दस बेड का अस्पताल है। डॉक्टर भी रहते हैं। नौकर लोग बोले कि माँ जी हमलोग कैसे ले जायेंगें? माँ बोली, साहेब के कार हाउ न। ओकरा निकाल ल। ओही से ले चल। नौकर बोला, माँ जी हमको कार चलाना नहीं आता है। माँ फिर बोली, तू करवा निकाल। हम बैठ जइबो। थोड़े दूर तो अस्पताल हइये हे। ठेल के पहुंचा दिहा। नौकर सारे फंस गए। अब क्या करें? फिर अस्पताल फोन किया। वहाँ एम्बुलेंस उपलब्ध था। एम्बुलेंस आ गई। उसपर ले जाकर माँ को भर्ती करा दिया गया। चारो तरफ खबर हो गई कि साहब की माँ अस्पताल में भर्ती हो गई है। और वह भी ऐसे समय में जब साहब खुद गॉल ब्लैडर में स्टोन के ऑपरेशन के लिए शहर के दूसरे अस्पताल में भर्ती हैं। उस अस्पताल के हेड डॉक्टर खुद आ गए। बी पी चेक किये। बी पी बढ़ा हुआ था। वे अक्सर उनका बी पी चेक किया करते थे। वे पूछे, 'माँ जी बी पी वाला दवाई लिए थे? माँ बोली, का जानी याद न आवित हे। भैया रहने से खुद या फिर भाभी को याद दिलाकर माँ को दवाई खिलाने पर ध्यान देते थे। अचानक उनके पेट में दर्द हुआ और वे हॉस्पीटल रूबी हाल में भर्ती हुए। तो डॉक्टर बोला आपका तुरत ऑपरेशन करना होगा। इसीलिये भाभी को भी हॉस्पिटल में ही रुक जाना पड़ा। डॉक्टर बोले, साहब को खबर किये हो? माँ यह सुनते ही डॉक्टर को बोली, खबरदार, उसे कोई भी खबर नहीं करे। माँ जब कमांड देने के मूड में होती है तो खड़ी हिन्दी बोलने लगती है। आखिर डॉक्टर माँ को इंजेक्शन देकर रात भर नींद में सुला दिया। बी पी की दवाई भी खिला दी गई। सुबह वह बिलकुल नार्मल हो गई। एकदम से तरोताजा महसूस कर रही थी। वह अपने घर में काम करने वाले नौकर को बुलाकर बोली, जा इडली ले आव। वह बोला, माँ जी यहां अस्पताल में इडली नहीं मिलता है। माँ बोली, जा साहब के घर से बनवा के ले आव। वहाँ से इडली बनकर आया। तब वह इडली खाई। वापस जब क्वार्टर में आई तो भैया को सारी कहानी सुनाई गई। भैया हँसते-हँसते लोट-पोट! माँ, आखिर भैया को अपनी बीमारी के बारे में सूचना नहीं देने दी जिद पर अड़ी रह गयी। चाहे कोई जो भी समझे!!!

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## हरियाणा के अंबाला में बसपा नेता की गोली मारकर हत्या

**हरियाणा।** हरियाणा में अंबाला के नारायणगढ़ में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के एक नेता की सशस्त्र हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि शुक्रवार शाम जब बसपा नेता हरबिलास सिंह रज्जूमाजरा अपने दोस्तों- पुनीत और गुगल के साथ अपनी कार में थे तब उनपर हमला हुआ था। इस हमले में पुनीत को भी गोली लगी। पुलिस के अनुसार हमले के बाद हरबिलास और पुनीत को चंडीगढ़ के पीजीआईएमईआर ले जाया गया जहां हरबिलास ने देर रात दम तोड़ लिया। पुनीत की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। पुलिस ने कहा कि हमलावरों की अबतक पहचान नहीं हो पायी है। नारायणगढ़ थाने के प्रभारी ललित कुमार जांच शुरू के लिए घटनास्थल पर पहुंच गये हैं।

### जम्मू-कश्मीरः कठुआ में सेना के शिविर पर आतंकवादियों ने की फायरिंग

# सेना का तलाशी अभियान जारी

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर**



जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवादियों ने सेना के शिविर पर फायरिंग की। इसके बाद सेना ने शनिवार को बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार देर रात कठुआ के भटोडी इलाके में संदिग्ध हलचल देखी गई। इलाके में संदिग्ध गतिविधि के बाद सेना ने फायरिंग की। इलाके में अब बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार देर रात आतंकवादियों ने सेना के शिविर पर फायरिंग की, इसके बाद सुरक्षाबलों ने कठुआ जिले में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है। रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवादियों ने कठुआ जिले के बिलावर तहसील के भटोडी गांव में स्थित सेना के शिविर पर गोलीबारी की। जिसके बाद सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की और आतंकवादी भाग गए। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और आतंकवादियों की तलाश के लिए गहन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। यह घटना गणतंत्र दिवस समारोह से एक दिन पहले हुई है। गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह जम्मू के मौलाना आजाद मेमोरियल स्टेडियम में होगा। बता दें कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा रविवार को राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे, जबकि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला मुख्य अतिथि होंगे। घाटी में डिविजनल स्तर का समारोह और परेड श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोहों के लिए ध्वजारोहण और परेड के आयोजन स्थलों की सुरक्षा के लिए जम्मू और श्रीनगर शहरों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जम्मू में मौलाना आजाद स्टेडियम और श्रीनगर में बख्शी स्टेडियम के आस-पास की सभी ऊंची इमारतों को सुरक्षाबलों के शार्प शूटरों ने अपने कब्जे में ले लिया है।

## गणतंत्र दिवस के मद्देनजर भोपाल रेल मंडल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**नवीन मेल संवाददाता। भोपाल**
गणतंत्र दिवस के मद्देनजर पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रेलवे स्टेशन से लेकर यात्री गाड़ियों पर खास नजर रखी जा रही है। सुरक्षा बलों की तैनाती भी कर दी गई है। रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस और दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। भोपाल सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) और सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीम चौबीसों घंटे ट्रेनों और स्टेशनों पर सतर्क निगरानी कर रही है। आरपीएफ भोपाल के प्रभारी निरीक्षक, अधिकारियों और स्टाफ ने सुरक्षा उपकरणों के साथ प्लेटफॉर्म, सकुर्लेटिंग एरिया, यात्री प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय, एफओबी (फुट ओवर ब्रिज), पार्किंग क्षेत्र, स्टेशन आउटर एरिया, और ट्रेनों में गश्त और जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की है। सुरक्षा बलों द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और अनियमित और संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के लिए सघन निगरानी की जा रही है।

## न्यूज | बॉक्स

### एसएसबी ने तस्करी के रोकथाम को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक

**अररिया।** भारत से नेपाल उर्वरक की तस्करी के रोकथाम को लेकर एसएसबी 52वीं वाहिनी के कमांडेंट महेंद्र प्रताप के निर्देश पर कुआड़ी बीओपी में शनिवार को स्थानीय प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसएसबी की ओर से कंपनी कमांडर कुआड़ी निरीक्षक दिलीप सिंह,कंपनी कमांडर लैलोखर निरीक्षक किशोर प्रताप करुणेश, उप निरीक्षक बजीर सेन और आरक्षी प्रसाद नायक ,वहीं प्रशासनिक अधिकारियों में कुसाकांटा की बीडीओ नेहा,सीओ आलोक कुमार शामिल रहे। बैठक में उर्वरक की तस्करी पर रोकथाम लगाने हेतु कई बिन्दुओं पर चर्चा की गई।जिसमें मुख्य रूप से सीमा चौकियों के कार्य क्षेत्र में विशेष गस्ती व तलाशी अभियान चलाना, उर्वरकों को ले जाने वाले वाहनों पर विशेष ध्यान देना एवं स्थानीय किसानों और व्यापारीयों को उर्वरक की तस्करी के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करना शामिल रहा। साथ ही बाहरी सीमा चौकी कुआड़ी के कार्यक्षेत्र में पुलिस के साथ मिलकर लगभग 4 किमी की एक संयुक्त गस्ती भी की गई। जिसमें एसएसबी की तरफ से उप निरीक्षक वजीर सेन के साथ 5 अन्य जवान और पुलिस के तरफ से उप निरीक्षक पंकज कुमार शर्मा के साथ अन्य 3 जवानों ने गश्ती की।गश्ती का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अतिक्रमण हटाना और अवैध गतिविधियों की रोकथाम करना था। तथा उच्च मुख्यालय द्वारा समय - समय पर प्राप्त विभिन्न दिशा-निर्देशों का पालन करना था।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को दिलाई गई शपथ



**अररिया।** 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर जिले के सभी पुलिस अधिकारी और कर्मियों को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान को लेकर शनिवार को शपथ दिलाई गई। पुलिस लाइन से लेकर एसपी एसडीपीओ कार्यालय और जिले के सभी थाना और ओपी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।पुलिस लाइन और एसपी कार्यालय में जहां एसपी अंजनी कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई।वहीं एसडीपीओ कार्यालय में सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह,फारबिसगंज एसडीपीओ कार्यालय में मुकेश कुमार साहा,नगर थाना में थानाध्यक्ष मनीष कुमार रजक,फारबिसगंज थाना में थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह,बथनाहा थाना में थानाध्यक्ष धनोज कुमार गुप्ता सहित जिले के सभी थाना और ओपी में एसएचओ ने पुलिस अधिकारियों और बलों को निर्वाचन प्रक्रिया में निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान कराने में सक्रिय भूमिका निर्वहन करने का शपथ दिलाया।पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एसपी कार्यालय से लेकर थाना तक में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ कार्यक्रम आयोजित कर आधिकारियों और कर्मियों को शपथ दिलाया गया।

### आमबाड़ी के बलुआ कालियागंज में एसएसबी का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



**अररिया।** एसएसबी 52वीं बटालियन के कमांडेंट महेंद्र प्रताप के निर्देशन में आमबाड़ी बीओपी के बलुआ कालियागंज गांव एसएसबी की ओर से आज निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत एसएसबी की ओर से शिविर में बीमार लोगों को चिकित्सीय परामर्श के साथ साथ जरूरतमंदों के बीच मुफ्त दवाई का भी वितरण किया गया। एसएसबी 52वीं वाहिनी सहायक कमांडेंट (चिकित्सा) डॉ मनोज जाट ने स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की।जिसके बाद निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया।शिविर में पुरुष मरीजों के साथ साथ महिला मरीजों और बच्चों का इलाज किया गया। मौके पर डॉ मनोज जाट द्वारा स्थानीय लोगों को बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए ठंड से बचने हेतु जरुरी दिशा-निर्देश और खान-पान से सम्बंधित आवश्यक जानकारी दी गई।मोटे अनाज के फायदे व उसका उपयोग करने, साफ-सफाई, नशे से होने वाले दुष्प्रभाव तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।इसके अतिरिक्त ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर फल एवं सब्जियों के उत्पादन हेतु भी प्रोत्साहित किया गया।

## पीएम मोदी के बिहार दौरे को लेकर मृत्युंजय तिवारी ने कसा तंज

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी बिहार दौरे को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि चुनावी साल है, इसलिए उनको बिहार की याद आ रही है। 24 फरवरी को पीएम मोदी के बिहार दौरा प्रस्तावित होने को लेकर जेडीयू प्रवक्ता ने कहा, ₹यह सभी को पता है। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव लगातार बोल रहे हैं कि बिहार में चुनावी वर्ष है। चुनाव होने के कारण पीएम मोदी को बिहार की याद आ रही है। वो अब छठी मैया को याद करेंगे, लिट्टी चोखा पर बोलेंगे, लेकिन बिहार को कुछ देंगे नहीं। उन्होंने आगे कहा, ₹पीएम मोदी ने पहले जो वादा किया था, वह सब जुमला साबित हुआ है।

## गणतंत्र दिवस से पूर्व प्रभातफेरी के साथ महापुरुषों की प्रतिमा पर हुआ माल्यार्पण कार्यक्रम

**अररिया।** गणतंत्र दिवस से पूर्व अनुमंडल प्रशासन की ओर से घोषित कार्यक्रम के तहत शनिवार को फारबिसगंज में एनसीसी कैडेट्स,स्काउट गाइड और स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई और प्रशासनिक पुलिस अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर लगे महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सुभाष चौक पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस,सुल्तान पोखर महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप,राजेंद्र चौक डॉ राजेन्द्र प्रसाद,स्टेशन चौक पर पंडित रामदेनी तिवारी द्विजदेनी,फैंसी मार्केट परिसर में बाबू वीर कुंवर सिंह, गोढ़ीहारे चौक के पास बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर,पोस्ट ऑफिस चौक पर शहीद चंद्रशेखर आजाद आदि की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जहां अनुमंडल पदाधिकारी शैलजा पांडे,सीओ, डीसीएलआर सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भारत टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने को तैयार : जितेंद्र सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) में ₹टेक्नोलॉजी डायलॉग 2025₹ को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों (ट्रांसफॉर्मेटिव टेक्नोलॉजी) के साथ दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। जितेंद्र सिंह ने इस कार्यक्रम में 'विजन इंडिया टेकेड' का अनावरण किया, जिसमें भारत के लिए विशेष रूप से इनोवेशन और प्रौद्योगिकी में ग्लोबल नेतृत्व की भूमिका की परिकल्पना की गई है। जितेंद्र सिंह ने अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ), राष्ट्रीय क्वांटम मिशन और भारत एआई मिशन जैसी पहलों को उजागर करते हुए कहा, 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी भारत के उस दृष्टिकोण की आधारशिला है, जिसके तहत को इनोवेशन, आर्थिक विकास और जलवायु परिवर्तन तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण ग्लोबल मुद्दों के समाधान के लिए एक वैश्विक केंद्र में तब्दील करना है। उन्होंने 2020 के दशक को 'टेकेड फॉर इंडिया' बनाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने ने कहा, ₹भारत के लिए ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए रणनीतिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग जरूरी है। जितेंद्र सिंह ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ग्रीन हाइड्रोजन जैसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने के लिए समान विचारधारा वाले देशों के साथ साझेदारी करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ₹हमारा उद्देश्य समान साझेदारियों को बढ़ावा देना है जो ग्लोबल चुनौतियों का समाधान करें तथा भारत की 'ग्लोबल वैल्यू चेन' में एकीकरण को भी बढ़ावा दें।

# मां अन्नपूर्णा का 48 साल बाद कुंभाभिषेक व 9 दिवसीय अनुष्ठान

### श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य विधुशेखर भारती के साथ 750 ब्राह्मणों का दल आएगा

**1100 आचार्य करेंगे कुंभाभिषेक, 12 हजार मोदक से होगा हवन**

**आर पी सिंह**

**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में मां अन्नपूर्णा का 48 साल बाद 31 जनवरी से कुंभाभिषेक होने जा रहा है। नौ दिवसीय इस अनुष्ठान के लिए 17 वेदियां तैयार कर दी गई हैं। अनुष्ठान में सात दिनों तक 18 पुराणों का मूल पाठ होगा। 668 तरह की जड़ी-बूटियों से हवन होगा। श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य विधुशेखर भारती अनुष्ठान में शामिल होंगे। श्रृंगेरी शंकराचार्य विधुशेखर भारती की अगवानी के लिए जगह-जगह द्वार बन रहे हैं। उनके 31 जनवरी को काशी आगमन के साथ ही अन्नपूर्णा मंदिर में 9 दिवसीय कुंभाभिषेक शुरू हो जाएगा।

इस अनुष्ठान की तैयारी दो महीने से चल रही है। मंदिर की दीवार से पेंट विशेष तकनीक से छुड़ाकर रंग-रोगन किया गया, ताकि मंदिर की दीवार के पत्थरों को नुकसान न हो। मां अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकर पुरी महाराज ने बताया कि अनुष्ठान के लिए मंदिर के पास ही 17 कुंड बनाए जा रहे हैं। 3.5 करोड़ रुपए से अन्नपूर्णा मंदिर के 14 फीट का शिखर स्वर्ण मंडित कराया गया है। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य विधुशेखर भारती के स्वागत के लिए द्वार बन रहे हैं। 31 जनवरी को शंकराचार्य के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। एक फरवरी से अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे। अनुष्ठान में शंकराचार्य के अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष समेत देशभर से संत-महंत, आचार्य व महामंडलेश्वर शामिल होंगे। अन्नपूर्णा मंदिर में 12 हजार मोदक से हवन व मंदिर का पंचामृत अभिषेक होगा। अन्नपूर्णा मंदिर का यह कुंभाभिषेक 48 साल बाद होगा। महंत शंकरपुरी ने बताया कि कुंभाभिषेक में 750 ब्राह्मणों का दल श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य के साथ आएगा। काशी के 250 विद्वानों समेत कुल 1100 आचार्य होंगे। कुंभाभिषेक के दौरान विग्रह परिवर्तन होगा। इसके पहले वर्ष 1977 में भी विग्रह परिवर्तन हुआ था।

# महाकुंभ आएंगे 73 देशों के राजनयिक

**नवीन मेल संवाददाता**
**प्रयागराज।** ऐतिहासिक, धार्मिक व सांस्कृतिक महा आयोजन महाकुंभ को देखने 73 देशों के राजनयिक आ रहे हैं। उनमें कुछ मां गंगा-यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी भी लगाएंगे। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद के अनुसार राजनयिक एक फरवरी को आ रहे हैं।
आनंद ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को भी पत्र लिखा है।
इस पत्र में कहा गया है कि जापान, अमेरिका, रूस, यूक्रेन, जर्मनी, नीदरलैंड, कैमरून, कनाडा, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, पोलैंड व बोलीविया सहित कई देशों के राजनयिक महाकुंभ में भाग लेंगे। इस अवसर पर रूस व यूक्रेन के राजदूत भी एक साथ डुबकी लगाएंगे। सभी राजनयिक नाव से संगम नोज पहुंचेंगे और पवित्र संगम में डुबकी लगाएंगे। इसके बाद वे अक्षयवट व बड़े हनुमान मंदिर के दर्शन करेंगे। फिर वे डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र में महाकुंभ के बारे में जानेंगे। विदेश मंत्रालय व गृह मंत्रालय के अधिकारी राजनयिकों के यात्रा की तैयारियों में जुट गए है।

# अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। ठाणे**
देश के अलग-अलग राज्यों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अवैध रूप से रहने के आरोप में पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सभी बांग्लादेशी नागरिकों को कल्याण-डोंबिवली इलाके से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में चार महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। सभी ने बिना किसी पासपोर्ट या आवश्यक दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था। ये सभी ठाणे के कल्याण और डोंबिवली इलाके में झुग्गी बस्तियों और रेलवे स्टेशन के पास रहते थे। पुलिस के अनुसार, ये बांग्लादेशी नागरिक घरेलू कामकाज और अन्य छोटे-मोटे काम करते थे। डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) अतुल जेंडे के अनुसार, गिरफ्तार लोगों के पास भारत में प्रवेश या रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं था। सभी बांग्लादेशी नागरिकों को विदेशी नागरिक अधिनियम और भारतीय पासपोर्ट अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि इससे पहले महाराष्ट्र के कल्याण में पुलिस ने 20 जनवरी को बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया था। उनकी पहचान परवीन शेख, खदीजा शेख और रीमा सरदार के रूप में हुई थी। तीनों महिलाएं पिछले कई साल से इलाके में रह रही थीं। दरअसल, तीन महिलाओं की गिरफ्तारी कल्याण की महात्मा फुले थाना पुलिस ने की है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि बांग्लादेश की तीन महिलाएं कल्याण-डोंबिवली इलाके में रह रही थीं। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार किया था। फिलहाल, पुलिस ने तीनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और विदेशी नागरिकता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## आम आदमी पार्टी मानसिक रूप से बीमार हो गई है : सम्राट चौधरी

**पटना।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार में भी राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी हुई है। बिहार में भी बयानबाजियों का दौर जारी है। आम आदमी पार्टी (आप) का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई भाजपा नेताओं को 'बेईमान' बताए जाने पर बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी मानसिक रूप से बीमार हो गई है। पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान जब उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता मानसिक रूप से बीमार हो चुके हैं और उन्हें दिल्ली में हार दिख रही है।

## मेरठ-नोएडा-भोपाल में 'फिटजी' के संस्थान बंद होने से संकट, अभिभावक परेशान

**नोएडा/भोपाल।** 'फिटजी' के कोचिंग संस्थानों से पढ़ाई कर रहे छात्रों को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब उन्हें पता चला कि जिस संस्थान में वे पढ़ाई कर रहे थे, वह अब बंद कर दिया गया है। जब छात्र कोचिंग संस्थान पहुंचे तो गेट पर ताला लटका मिला। 'फिटजी' ने दिल्ली-एनसीआर समेत देश के पांच राज्यों में कोचिंग संस्थान बंद कर दिए हैं। इससे छात्रों का भविष्य संकट में पड़ गया है और अभिभावक भी परेशान हैं। नोएडा-मेरठ-भोपाल में 'फिटजी' कोचिंग संस्थान बंद होने के बाद समाचार एजेंसी आईएएनएस ने कुछ छात्रों और अभिभावकों से बात की। उत्तर प्रदेश के मेरठ की एक छात्रा ने कहा, मैंने 'फिटजी' में इसलिए प्रवेश लिया क्योंकि यहां का रिजल्ट बहुत अच्छा है। मैंने अपने अभिभावकों को भी इसके लिए मना लिया था। लेकिन, अचानक इस संस्थान को बंद कर दिया गया। इससे काफी परेशानी हो रही है।

# यूनिफाइड पेंशन स्कीम गजट में जारी प्रावधानों से कर्मचारी संगठनों में रोष

### इस यूपीएस में 25 साल की सेवा के बाद ही वीआरएस मिलेगी

- कर्मचारी को पेंशन के लिए साठ वर्ष की आयु तक इंतजार करना होगा
- सभी कर्मचारियों को अंतिम 12 महीने के औसत का 50% पेंशन के रूप में दिया जाएगा

**कर्मचारियों की ये थी मांग**

- पेंशन के लिए सरकार 25 वर्ष की नौकरी के बजाय 20 वर्ष की सेवा को आधार माने और एनपीएस/ओपीएस की ही तरह 20 वर्ष की सेवा के बाद ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की अनुमति दे।
- पेंशन भी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद से शुरू करे, न कि रिटायरमेंट तिथि से।
- एकमुश्त अमाउंट की जगह पर कर्मचारी अंशदान की ब्याज सहित वापसी करे।

**ब्यूरो**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम का गजट जारी किया, जिसे कर्मचारी संगठनों ने कर्मचारियों के लिए तगड़ा झटका बताया। इस बारे में नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत के अध्यक्ष मंजीत सिंह पटेल ने कहा कि सरकार ने बजट से पहले अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। यूपीएस में 25 साल की सेवा के बाद ही वीआरएस मिलेगी। इतना ही नहीं, इसके बाद कर्मचारी को पेंशन के लिए साठ वर्ष की आयु तक इंतजार करना होगा। अगर कोई कर्मचारी 45 वर्ष की आयु में रिटायरमेंट लेता है, तो पेंशन के लिए 15 साल तक इंतजार करना पड़ेगा। पटेल ने बताया, पुरानी पेंशन बहाली की मांग करने वाले कर्मचारियों को उनके विकल्प के आधार पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम में शामिल किया जाएगा। यदि कर्मचारी यूनिफाइड पेंशन स्कीम को विकल्प के तौर पर चयन करेगा, तो उसे एश्योर्ड पेंशन का लाभ मिलेगा। नेशनल पेंशन सिस्टम यानी एनपीएस पहले की तरह चलती रहेगी। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

यूनिफाइड पेंशन स्कीम केवल उन कर्मचारियों के मामले में लागू होगी, जो काम से कम 10 साल की क्वालीफाइंग सेवा पूरी करके सेवानिवृत्त होंगे। ऐसे सभी कर्मचारियों को अंतिम 12 महीने के औसत का 50% पेंशन के रूप में दिया जाएगा। उसमें महंगाई भत्ता भी शामिल होगा, लेकिन इसकी एवज में एनपीएस के तहत लिया गया कर्मचारी अंशदान भी सरकार के खाते में चला जाएगा। उक्त अंशदान के बदले सरकार प्रति छह माह पर सैलरी का दसवां हिस्सा लम सम अमाउंट के रूप में कर्मचारियों को वापस करेगी।

स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति केवल 25 साल की नौकरी पूरी करने के बाद ही दी जाएगी, लेकिन उन सभी कर्मचारियों को पेंशन केवल अधिवर्षिता पूरी करने पर ही मिलेगी। यानी, उनकी एक्चुअल रिटायरमेंट की तारीख से ही उनको पेंशन का भुगतान किया जाएगा। 25 वर्ष की नौकरी के बाद 60 वर्ष की उम्र तक उनका इंतजार करना पड़ेगा।

# कुंभ में मौनी अमावस्या व वसंत पंचमी के स्नान के दौरान स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए 42 ट्रेनें रद्द

**नवीन मेल संवाददाता**
**प्रयागराज।** रेलवे ने महाकुंभ में मौनी अमावस्या व वसंत पंचमी के स्नान के दौरान स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए कई गाड़ियों के संचालन में बदलाव किया है। 42 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं।

**मौनी अमावस्या पर रद्द ट्रेनें :**
**25 जनवरी :** 18309 संबलपुर-जम्मू तवी
**26 जनवरी :** 12311 हावड़ा-कालका
**27 जनवरी :** 12815 पुरी-आनंद विहार, 12505 कामाख्या-आनंद विहार, 15483 अलीपुरद्वार-दिल्ली
**28 जनवरी :** 18310 जम्मूतवी-संबलपुर, 12312 कालका-हावड़ा, 15658 कामाख्या-दिल्ली, 12801 पुरी-नई दिल्ली, 12428 आनंद विहार-रीवा, 12428 आनंद विहार-रीवा, 12397 गया-नई दिल्ली
**29 जनवरी :** 12816 आनंद विहार-पुरी, 12506 आनंद विहार-कामाख्या, 15484 दिल्ली-अलीपुरद्वार, 12397 गया-नई दिल्ली, 12427 रीवा-आनंद विहार, 12367 भागलपुर-नई दिल्ली, 12488 आनंद विहार-जोगबनी, 22466 आनंद विहार-मधुपुर, 12368 नई दिल्ली-भागलपुर
**30 जनवरी :** 12398 नई दिल्ली-गया, 12368 नई दिल्ली-भागलपुर, 12487 जोगबनी-आनंद विहार, 22465 मधुपुर-आनंद विहार, 12367 भागलपुर-नई दिल्ली

**वसंत पंचमी पर रद्द ट्रेनें :**
2 फरवरी : 12312 कालका-हावड़ा, 15658 कामाख्या-दिल्ली, 12801 पुरी-नई दिल्ली, 12397 गया-नई दिल्ली, 12367 भागलपुर-नई दिल्ली
3 फरवरी : 12397 गया-नई दिल्ली, 12427 रीवा-आनंद विहार, 12367 भागलपुर-नई दिल्ली, 12506 आनंद विहार-कामाख्या, 15484 दिल्ली-अलीपुरद्वार, 12398 नई दिल्ली-गया, 12368 नई दिल्ली-भागलपुर
4 फरवरी : 15657 दिल्ली-कामाख्या, 12802 नई दिल्ली-पुरी, 12398 नई दिल्ली-गया, 12368 नई दिल्ली-भागलपुर

## श्री श्याम ज्योति रथ खाटू धाम से निकला रथ, हुआ भव्य स्वागत

**रामगढ़।** श्री श्याम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 03-08 फरवरी तक आयोजित अनुष्ठान के लिए शनिवार को खाटू धाम से श्री श्याम ज्योति ले कर भक्त रामगढ़ के लिए रवाना हुए। श्री श्याम ज्योति रथ का रिंग्स में भव्य स्वागत किया गया। श्रृद्धालुओं ने यहां ढ़ोल नगाड़े का साथ श्री श्याम ज्योति के दर्शन किए। रामगढ़ आ रहे ज्योति रथ का भरतपुर (राजस्थान) में भी भव्य स्वागत के बाद रात्रि विश्राम होगा। रामगढ़ एवं आस पास के श्रृद्धालुओं में श्री श्याम ज्योति रथ के स्वागत के लिए उत्साहित हैं। ज्योती रथ के रामगढ़ आगमन पर कुजू में शिव मंदिर, कुज्जू चौक व बालाजी फ्यूल, भरेचनगर सांडी में श्री श्याम वाटिका, रामानगर में बालाजी फर्नीचर, रांची रोड में महावीर ओटो, जिमखाना के सामने भी भव्य स्वागत किया जाएगा। हीरो शो रुम से शोभायात्रा के रूप रथ श्री सत्यनारायण मंदिर तक जाएगा। यहां से श्रीश्याम मंदिर पहुंचेगा।

# विभिन्न मांगों को लेकर जेएलकेएम ने दिया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। कुजू**
करमा परियोजना के समक्ष शनिवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन जेएलकेएम के जिला संगठन महासचिव बिनोद कुमार महतो ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी एवं प्रभावित व विस्थापित शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पार्टी सदस्यों ने पूर्व में दिए गये पत्र के आलोक में मांग पूरी करने की बात कही। मांग में विस्थापित प्रभावित क्षेत्र में हो रहे प्रदूषण पर रोक लगाने, रोड सेल के कोयला का 75ः हिस्सा स्थानीय बेरोजगार युवकों को बेसिक दर पर देने, सीएसआर मद से बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से रामगढ़, हजारीबाग, रांची आदि कॉलेजों के लिए बस उपलब्ध कराने, डीएवी के तर्ज पर स्कूल की व्यवस्था करने, लोगों के लिए शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य, कौशल प्रशिक्षण व्यवस्था आदि कई अन्य मांगें शामिल है। वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन मांग को जल्द पूरा करे अन्यथा इससे भी बड़ी आंदोलन की जायेगी।

## विधायक ने केन्द्रीय मंत्री से विस्थापितों की समस्याओं के समाधान की मांग की




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
जिला समाहरणालय में केंद्रीय राज्य मंत्री (पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग) शांतनु ठाकुर की अध्यक्षता में आकांक्षी की महत्पूर्ण बैठक हुई. जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और उनके संभावित समाधान पर विस्तृत चर्चा हुई. इस दौरान बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही के पेयजल संकट समस्या की चर्चा करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की जिससे गर्मी में पानी की किल्लत से जूझने वाले बरही की जनता को राहत मिल सके. इसके साथ ही विधायक ने तिलैया डेम के निर्माण से विस्थापित 52 मौजा के ग्रामीणों की समस्याओं पर भी ध्यान आकर्षित किया. उन्होंने विस्थापितों के लिए लिफ्ट इरिगेशन की सुविधा उपलब्ध करवाने की बात कही. जिससे विस्थापित अपनी कृषि भूमि को सिंचाई योग्य बना सकें और विस्थापन से उपजे दर्द को कम किया जा सके. बैठक में बरही विधायक के अलावा सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय, उपविकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता और उपाध्यक्ष किशुन यादव सहित कई अधिकारी और कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे. उन्होंने भी अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए अपने सुझाव और प्रतिबद्धता व्यक्त किया.

### उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को दिलाई शपथ

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर उपायुक्त नैंसी सहाय ने समाहरणालय परिसर में सभी विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदाताओं को उनके संवैधानिक दायित्व से अवगत कराने हेतु निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता हेतु प्रतिज्ञा का प्रेषण किया गया। निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस हेतु थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डाले। इस अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावे अपर समाहर्ता संतोष सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, भु-अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार सहित कई विभागीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

## द फ्यूचर इज डार्क फिल्म केएलआईएफएए के लिए नामित

**रामगढ।** जिरो फिल्मस इंटरटेंमेंट और सलुजा गोल्ड फिल्मस एंड इंटरटेंमेंट के बैनर तले बनी फिल्म द फ्यूचर इज डार्क को (केएलआईएफएए) कुआलालंपुर इंटरनेशनल फिल्म एकेडमी अवाड्र्स 2025 के लिए नामित किया गया है। इस संबंध में धनबाद निवासी फिल्म के निर्देशक राज कुमार दास ने बताया कि इस फिल्म में रामगढ़ (केदला) निवासी बिनोद सिंह इंस्पेक्टर की भूमिका में दिखेंगे। इसके अलावे फिल्म में रामगढ़ के विक्रांत गुप्ता और धर्मेंद्र शर्मा ने काम किया है। फिल्म में प्रिया, आदर्श आनंद, लोकेश तिलकधारी, सौरभ सुमन, अविनाश तिवारी और बाल कलाकार स्पर्श सुमन ने मुख्य किरदार निभाया है। फिल्म की शूटिंग रामगढ़ के चितरपुर, भुरकुंडा, भदानी नगर, पतरातु और धनबाद में हुई है।

### सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता की मां और बहन की हुई मृत्यु

## कांग्रेस नेता ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का दिया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बभनबै और बोचो गांव के युवा अधिवक्ता पिंटू साहू के लिए शनिवार का दिन एक भयंकर शोक और दुःख का कारण बन गया। पिंटू की मां और बहन मांडू के पास एक घातक सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा बैठीं। इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया और उनके जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। हादसे में पिंटू के पिता और भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गए। पिंटू के पिता के दोनों पैरों की हड्डी कई स्थानों पर टूट गई हैं, जबकि उनके भाई की स्थिति गंभीर है, और उनका सीटी स्कैन किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने सदर अस्पताल का दौरा किया और पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिवार को हर संभव सहायता और सहयोग का आश्वासन दिया और इस कठिन समय में उनके साथ खड़े रहने का वादा किया। मुन्ना ने कहा कि यह एक अत्यंत दुखद घटना है।

# भीषण सड़क दुर्घटना में मां, पुत्र व पुत्री की हुई मौत, दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
मांडू थाना क्षेत्र के दूधी नदी एनएच 33 में शनिवार की सुबह भीषण सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार मां, पुत्र व विवाहित पुत्री की मौत हो गयी। जबकि दो अन्य सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि कार संख्या जेएच 02 बीए 8774 से एक ही परिवार के पाँच लोग सवार होकर अपने रिश्तेदार के दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बलकुदरा जा रहे थे। इसी बीच मांडू थाना क्षेत्र के दूधी नदी के समीप एनएच 33 पर पूर्व से खराब पड़े एक ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमे कार में सवार पिंटू कुमार साहू 33 वर्ष पिता द्वारका मंडल, मां अरुणा देवी 60 वर्ष सरिया बगोदर गिरिडीह निवासी और विवाहित बहन सीमा देवी 40 वर्ष पति बद्री साव, बोचो, बभनबई



हजारीबाग निवासी के अलावे दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को मांडू पुलिस ने एनएचआई के दो एम्बुलेंस से उपचार के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। जहाँ पर डॉक्टरों ने दो महिला और एक पुरुष को मृत घोषित कर दिया। वही दो अन्य गंभीर रूप से घायल को बहेतर उपचार के लिए रिम्स भेजा गया।

## न्यूज | बॉक्स

### जमीन का उचित मुआवजा मिलने पर ही देंगे अपनी जमीन

**गोला।** गोला प्रखंड रकुवा पंचायत के लिपीया गांव के ग्रामीण भारत माला परियोजना तहत बन रहे फोरलेन सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहण की गई जमीन का मुआवजा से नाखुश हैं। रैयतों ने अधिग्रहण जमीन का काफी कम मुआवजा मिलने पर आपत्ति जताई है। इस मामले को लेकर शुक्रवार को पीड़ित रैयतों की बैठक जेएलकेएम के केंद्रीय महामंत्री संतोष कुमार चौधरी व प्रखंड अध्यक्ष अशोक चक्रपाणि की मौजूदगी में हुई। रैयतों ने बताया कि खाता नंबर 25, प्लॉट नंबर 298, 297, 296, 295, 294, 293, 292 कुल रकबा 40 एकड़ जमीन, जिसका 2004 तक रशीद निर्गत है। इस जमीन से होकर भारत माला सड़क गजर रही है। इस खेती योग्य भूमि पर दर्जनों परिवारों का भरण पोषण होता है। रैयतों ने जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिलने पर ही सड़क निर्माण के लिए जमीन नहीं देने की बात कही है। बैठक के बाद रैयतों ने सीओ समरेश भंडारी को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपा है। रैयतों ने बताया कि भारत माला परियोजना के तहत बन रही सड़क गोला के विभिन्न गांवों के अलावे लिपीया गांव होते हुए पेटरवार, जैनामाउ. तक सड़क बनाई जा रही है। सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है। ग्रामीणों ने कहा है कि हम सब किसान हैं। जमीन पर खेती बारी करते हैं, जमीन से ही हमारा जीवन चल रहा है। अधिग्रहित जमीन का मुआवजा बहुत कम दिया जा रहा है। इध बैठक में उपस्थित जेएलकेएम के केंद्रीय महामंत्री संतोष कुमार चौधरी ने कहा कि सभी रैयतों ने अपनी जमीन की कीमत प्रति डिसमिल पांच लाख रुपये तय की है। जिसका सरकारी नियमानुसार प्रति डिसमिल जमीन का चार गुणा मुआवजा बनता है।

### समाज एकजुट हो, तभी होगा समुचित विकास : सीताराम विश्वकर्मा



**रामगढ़।** कांकेबार स्थित हार्ट रेजिडेंसी के निकट विश्वकर्मा समाज (लोहार) का वन भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न स्थानों से समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के अध्यक्ष सीताराम विश्वकर्मा, संयोजक बद्री विश्वकर्मा, नेपाल विश्वकर्मा, बसंत विश्वकर्मा सहित समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने संयुक्त रूप से भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान वन भोज में समाज के लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया। वन भोज कार्यक्रम के उपरांत समाज के लोग बैठक कर समाजहित में कई निर्णय लिए। जिसमें, जल्दी ही विश्वकर्मा धर्मशाला निर्माण, गरीब और जरूरतमंदों के बीच जल्द ही कंबल वितरण करने, स्वास्थ्य शिविर लगाने, समाज के वंचित लोगों से संपर्क कर उनके उत्थान करने, साथ ही समाज के वैसे गरीब लोगों की लड़कियों की शादी विवाह में बढ़-चढ़कर भाग लेने, विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाने आदि निर्णय लिए गए। मौके पर समाज के अध्यक्ष सीताराम विश्वकर्मा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज के लोग एकजुट होते हैं।

## डाड़ी प्रखंड में विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को बीडीओ कमलकांत वर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मनरेगा, आवास, 15वीं वित योजना सहित प्रखंड अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास से संबंधित योजनाओ की समीक्षा की गई। साथ ही बैठक में उपस्थि बीडीओ ने उक्त बैठक में सभी पंचायत के पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, प्रखंड समन्वयक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिसमें बीडीओ ने मनरेगा संबंधित सभी अपूर्ण योजनाओं को पूरा कराने, 15 वीं वित आयोग से संचालित विभिन्न योजनाएं का नियमानुससार उपलब्ध आवंटन के अनुसार अभिलेख को स्वीकृति देते हुए कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया।

## रेलीगढ़ा में यज्ञ और रामनवमी समिति की हुई बैठक

**गिद्दी।** रेलीगढ़ा शिव मंदिर के प्रांगण में शनिवार को यज्ञ और रामनवमी समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया गुंजन साव और संचालन प्रदीप रजक ने की। बैठक में यज्ञ समिति ने पिछले वर्ष हुए यज्ञ में खर्च का विवरण प्रस्तुत किया। इसके बाद इस वर्ष भी यज्ञ करने का निर्णय लिया गया। साथ ही यज्ञ करने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुखिया गुंजन साव, अवधेश उपाध्याय संरक्षक, प्रदीप रजक अध्यक्ष, प्रेमचंद शर्मा उपाध्यक्ष, सुनील सिंह सचिव, अजय कुमार सहसचिव, अनिल नायक कोषाध्यक्ष, संतोष रावत सह कोषाध्यक्ष चुने गए। जबकि दुर्गा शर्मा, पप्पू पांडेय, अशोक बंसल, सुमित पांडेय, गोपी कृष्ण शर्मा, दीपक सोनी, रवि वर्मा, जगदीश सिंह, अक्षय उरांव, शुभांकन चौहान, विकास ओझा, विकास सिंह, कुणाल शर्मा, रवि सिंह, संतोष गुप्ता, रंजन सिंह, सुबीर कुमार, अरविंद कुमार, सुकेश बाबा सदस्य चुने गए हैं।

# 76वें गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
76वें गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या के अवसर पर प्रखंड प्रशासन ने नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया. जिसमें प्रखंड के विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम में अनुमंडल, बरही, पदमा, चौपारण प्रखंड के अधिकारी, कर्मी सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, विभिन्न सरकारी व गैरसरकारी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए. जिसका शुभारंभ उपस्थित अधिकारियो, जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. जिसमे विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रोचक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया. छात्र छात्राओं के आकर्षक नृत्य, संगीत, एकांकी आदि की प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. झारखंडी नृत्य और झूमर देखकर पूरा दर्शक दीर्घा झूम कर उठा. लोग देर संध्या तक कार्यक्रम में ताली बजाने के लिए मजबूर रहे. कार्यक्रम में मिडिल स्कूल बरही, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, आईलेक्स पब्लिक स्कूल आदि सहित प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के बच्चो ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष किसून यादव, प्रमुख मनोज रजक, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, एलआरसीडी अजय भगत, कार्यपालक दंडाधिकारी दीपा टोप्पो, चौपारण बीडीओ व प्रखंड के कई अधिकारी व कर्मी मौजूद थे.

## गोला में मस्जिद की छत की ढलाई को लेकर जलसा का हुआ आयोजन

**गोला।** साड़म पंचायत के कुजूकलां में मदीना मस्जिद की छत ढलाई के अवसर पर अजीमुशान महफिले मिलादून नबी व जलसे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शिरकत की। साथ ही मस्जिद की छत ढलाई में बढ़ चढ़कर योगदान देने के लिए उत्साहित दिखे। हाफीज व कारी मो मुजाहिद साहब, कारी मो नेजामत व कारी तारिक अनवर ने तेलावते कुरआन से महफिल का आगाज किया। इस अवसर पर मुफ्ती फहीमुद्दीन मिस्बाही और मुफ्ती नय्यर रजा ने मस्जिद की फजीलत पर तकरीर पेश करते हुए कहा कि रसूलुल्लाह (स.) ने फमार्या कि जिस ने हलाल कमाई से अल्लाह की इबादत के लिए मस्जिद बनाया, तो अल्लाह तआला उसके लिए जन्नत में कीमती मोती और याकूत का शानदार घर बनाएगा। उन्होंने कहा कि नबी ए करीम ने मस्जिदे नबवी की संगे बुनियाद रखते हुए अपना सब कुछ लगा दिया और अपने लिए कुछ नहीं रखा।

## अग्रसेन में हुई गणतंत्र दिवस की थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता

भुरकुंडा, निज प्रतिनिधि। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस थीम पर जूनियर सेकेक्शन के विद्यार्थियों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें प्रतिभागी विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ध्वज के अलावा स्वतंत्रता सेनानी और लाल किला सहित अन्य प्रसिद्ध स्मारकों की पेंटिंग बनाकर अपनी असरीम प्रतिभा का लोहा मनवाया। यहां प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित भी किया गया।

### 76वें गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# झारखंडी नृत्य व झूमर देखकर झूम उठे दर्शक





**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
76वें गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या के अवसर पर प्रखंड प्रशासन ने नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया. जिसमें प्रखंड के विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम में अनुमंडल, बरही, पदमा, चौपारण प्रखंड के अधिकारी, कर्मी सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, विभिन्न सरकारी व गैरसरकारी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए. जिसका शुभारंभ उपस्थित अधिकारियो, जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रोचक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया. छात्र छात्राओं के आकर्षक नृत्य, संगीत, एकांकी आदि की प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. झारखंडी नृत्य और झूमर देखकर पूरा दर्शक दीर्घा झूम कर उठा. लोग देर संध्या तक कार्यक्रम में ताली बजाने के लिए मजबूर रहे. कार्यक्रम में मिडिल स्कूल बरही, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, आईलेक्स पब्लिक स्कूल आदि सहित प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के बच्चो ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष किसून यादव, प्रमुख मनोज रजक, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, एलआरसीडी अजय भगत, कार्यपालक दंडाधिकारी दीपा टोप्पो, चौपारण बीडीओ व प्रखंड के कई अधिकारी व कर्मी मौजूद थे.

## स्कूल बस व वैन की व्यवस्था पर संजीदा हुई पुलिस

**भुरकुंडा।** गोला में हुए सड़क हादसे के बाद रामगढ़ जिला पुलिस स्कूल बस और वैन की व्यवस्था को लेकर संजीदा हुई है। इसे लेकर 30 जनवरी को भुरकुंडा थाना परिसर में बैठक बुलाई गई है। इसमें स्कूल के डॉयरेक्टर और प्राचार्य के अलावा सीसीएल के संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया है। भुरकुंडा थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एसपी के आदेश पर 30 जनवरी को सुबह 11 बजे बैठक बुलाई गई है। इसमें स्कूल प्रबंधन को बस और वैन की व्यवस्था से संबंधित निर्देश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर यह कदम उठाया जा रहा है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बस, वैन या फिर यातायात के जिस भी साधन का इस्तेमाल विद्यार्थियों को स्कूल लाने और ले जाने के लिए किया जाता है, उसका कंडिशन है। इसके अलावा संबंधित वाहन की फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवर के लाइसेंस की जानकारी पुलिस को उपलब्ध करानी होगी।

# बेहतर कार्य करने वाले हमेशा किए जायेंगे सम्मानित : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बरही और बरकट्ठा विस क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले पांच पांच बीएलओ को सम्मानित किया गया. सम्मान कार्यक्रम अनुमंडल कार्यालय में आयोजित किए गए थे. जिसमे बरही 21 विस क्षेत्र के निर्वाचक निबंधक अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू व 20 बरकट्ठा विस क्षेत्र के निर्वाचक निबंधक अधिकारी सह एलआरडीसी अजय भगत ने बीएलओ को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया. एसडीओ ने कहा कि दोनो विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया है. जो भविष्य में भी दिया जायेगा. उन्होंने अन्य लोगो से भी अपने कार्य को गंभीरता और निष्ठापूर्वक करने की अपील किया. सम्मानित होने वाले बीएलओ में मो नूर आलम रजवी, सहायक शिक्षक 28 उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय जौहरगंज (उ. भाग), किरण देवी आंगनबाडी सेविका 206 उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरदारोडीह, सुनिता देवी आंगनबाडी सेविका 235 उत्क्रमित उ. विद्यालय सरैयाडीह (प0भाग), सुमन कुमारी आंगनबाडी सेविका 321 +2 उच्च विद्यालय, बरही (कसं -1) और गायत्री देवी आंगनबाड़ी सेविका 338 उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़ीरमा आदि शामिल थे. इस दौरान अनुमंडल के कई अधिकारी व कर्मी भी मौजद थे.\

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान व अंचलाधिकारी नंदकुमार राम के संयुक्त नेतृत्व में शनिवार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले मतदान केंद्र संख्या 66 के बीएलओ सरस्वती कुमारी, 54 का निशु देवी, 75 का सुषमा कुंवर, 62 का सूरजमणि कुजूर, 43 का शकुंती देवी को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बारियातू द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर बीपीओ केतन गुप्ता, अंचल प्रधान सहायक कपिल देव सिंह, अंचल निरीक्षक अनिल होरो, प्रखंड नाजिर अजय मुंडा, आलोक दुबे, प्रकाश कुमार, पंकज पांडेय, आशिष रंजन, रवि यादव सहित सभी प्रखंड सह अंचल कर्मी मौजूद थे।

# बीडीओ ने मतदाता दिवस की दिलाई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बीडीओ मनीष कुमार समेत प्रखंड व अंचल कर्मियों के अलावा मतदाताओं ने लोकतंत्र को मजबूत करने का संकल्प लिया। बीडीओ ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बीडीओ ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान में भाग लेना आवश्यक है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कर्मियों से अपने कार्यक्षेत्र में मतदाता जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। प्रखंड में इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों ने रंगोली बनाकर चुनाव प्रक्रिया और मतदान के महत्व को दशार्या। मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिसमें मतदान के अधिकार और कर्तव्य के बारे में जानकारी दी गई। पदाधिकारियों ने शपथ ली कि वे हर योग्य व्यक्ति को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी मताधिकार से वंचित न रहे। मौके पर प्रधान सहायक जय प्रकाश शर्मा,कल्याण पदाधिकारी चन्दन कुमार,बीपीएम पंकज कुमार,पंचायत सचिव विश्वजीत कुमार के अलावा अन्य उपस्थित थे।


गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।



अजय प्रसाद गुप्ता
युवा भाजपा नेता, हुसैनाबाद -हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से छात्र -छात्राओं और अभिवावकों को हार्दिक बधाई।



कन्हैया प्रसाद
(प्रभारी प्रधानाध्यापक)
राजकीय मध्य विद्यालय हुसैनाबाद, पलामू।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद प्रखंड के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक बधाई।



सुदामा यादव
(मुखिया)
बनियाडीह-बराही पंचायत, हुसैनाबाद, पलामू।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र के तमाम नागरिकों व हुसैनाबाद अंचल कर्मियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।



पंकज कुमार
अंचल पदाधिकारी, हुसैनाबाद, पलामू।

AISHE : C - 42771 ESTD. - 1984
AWDHESH KUMAR SINGH COLLEGE
JAPLA, PALAMU, JHARKHAND - 822116
(A Permanent affliated Unit of NPU, Medininagar & Recognized by UGC
Website - https://akscollege.com, Email - akscollege84@gmail.com
अवधेश कुमार सिंह कॉलेज (ए0 के0 सिंह कॉलेज) जपला, पलामू
गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हुसैनाबाद अनुमंडल के सभी छात्र-छात्राओं एवं सुधीजनों को हार्दिक शुभकामनाएं।





सूर्य मणि सिंह
प्राचार्य



प्रफुल कुमार सिंह
सचिव



श्री वी. डी. राम
माननीय सांसद, पलामू- सह- अध्यक्ष

तमाम प्रखंडवासियों, अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों, मनरेगा श्रमिकों और प्रबुद्धजनों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई। शुभकामनाएं।
'सभी धर्मों का हो सम्मान, यही है हमारे गणतंत्र की शान।'

आबेदीन अंसारी
प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी
जगत प्रसाद मेहता
लेखा सहायक
अविनाश कुमार
सहायक अभियंता
प्रभंजन कुमार
राहुल कुमार
कनीय अभियंता




ग्राम रोजगार सेवक : नजमा खातून, अजीत कुमार पाठक, शमशाद अहमद, राजीव कुमार, संजय बैठा, जनेश्वर राम और नरेंद्र बैठा। मोहम्मदगंज। पलामू।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के तमाम नागरिकों को हार्दिक अभिनंदन ।



निवेदकः डॉ. विनय कुमार
न्यू वनांचल चिकित्सा केन्द्र जपला नवीनगर रोड (मुन्नी सिंह चौक के समीप) हुसैनाबाद, पलामू।

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के तमाम पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



राजेन्द्र पाल
(पूर्व वार्ड पार्षद)
पाल डिस्ट्रीब्यूटर, हुसैनाबाद, पलामू।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद प्रखंड के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक बधाई।



ममता देवी
(मुखिया)
देवरी खुर्द पंचायत, हुसैनाबाद, पलामू।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



जिशान हसन
(पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष)
सोनी मोबाइल शॉप, अंबेडकर चौक के समीप,हुसैनाबाद, पलामू।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार की ओर से छात्र- छात्राओं और अभिभावकों को हार्दिक बधाई।



डॉ.अक्षय कुमार चौहान
(प्रधानाचार्य)
समता स्कूल, शिव शक्ति नगर, हुसैनाबाद, पलामू ।

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के तमाम पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



शशि कुमार
(पूर्व अध्यक्ष)
नगर पंचायत, हुसैनाबाद, पलामू।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



निर्मल कुमार
(प्रधानाध्यापक)
राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकडरी, हुसैनाबाद, पलामू।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद अनुममंडल क्षेत्र के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



विनोद कुमार सिंह
(लाल सिंह)
मुखिया, लोटनिया पंचायत, हुसैनाबाद, पलामू।

.गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों को हार्दिक बधाई ।



शाकीर अली
जनता हार्डवेयर एंड प्लाई हाउस व प्रोटेक शाइन पेंट कंपनी के प्रोपराइटर,मदरसा मार्केट, हुसैनाबाद, पलामू।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



सुहैल आलम
(निवर्तमान पार्षद)
वार्ड नंबर-7,इस्लामगंज, हुसैनाबाद, पलामू।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर अजाप्टा की ओर से समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



मो.ज़ुबैर अंसारी
प्रखंड अध्यक्ष, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, हुसैनाबाद, पलामू।

15.गणतंत्र दिवस के अवसर पर "प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय" विश्वविद्यालय की ओर से समस्त भारतवासियों को हार्दिक बधाई।



बीके कंचन दीदी
प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शाखा, सदभावना भवन जपला, पलामू।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद / हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम कांग्रेस कार्यकताओं व नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई



धनंजय कुमार तिवारी
(सचिव)
झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी, आवास - हुसैनाबाद, पलामू ।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद क्षेत्र के नागरिकों सहित देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
'वीर शहीदों को शत-शत नमन व श्रद्धांजलि'



बबलू कुमार
ओपी प्रभारी, देवरी, हुसैनाबाद,पलामू ।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हैदरनगर प्रखंड के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक अभिनंदन।



गुप्तेश्वर पांडेय
(पंचायत समिति सदस्य - परता पंचायत सह अध्यक्ष प्रखंड कांग्रेस कमेटी) हैदरनगर (पलामू)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हैदरनगर प्रखंड के समस्त भाजपा कार्यकताओं, पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक अभिनंदन।



वीरेन्द्र सिंह
(भाजपा नेता व पैक्स अध्यक्ष)
हैदरनगर (पलामू)

गणतंत्र दिवस पर हैदरनगर थाना क्षेत्र के समस्त नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों व पुलिसकर्मियों को हार्दिक अभिनंदन।



अफजल अंसारी
(थाना प्रभारी)
हैदरनगर, पलामू

गणतंत्र दिवस के अवसर पर छात्र - छात्राओं व अभिवावकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



बिनोद कुमार पांडेय
(प्रधानाध्यापक)
राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बहेरा हैदरनगर, पलामू

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हैदरनगर प्रखंड के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक अभिनंदन।



शहनाज परवीन
(मुखिया)
पंचायत - हैदरनगर, पश्चिमी हैदरनगर (पलामू)

मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर, बरवाटोली लोहरदगा की ओर से समस्त जिलेवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई



रमेश कुमार साहू
अध्यक्ष
मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली, लोहरदगा।

राजकीय बालिका मध्य विद्यालय लोहरदगा की ओर से समस्त जिलेवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई



विजय कुमार
प्रधानाध्यापक
राजकीय बालिका मध्य विद्यालय, लोहरदगा।

BLOOMING BUDS PUBLIC SCHOOL की ओर से समस्त जिलेवासियों को 76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
BLOOMING BUDS PUBLIC SCHOOL
(AN EXCLUSIVELY ENGLISH MEDIUM SCHOOL)
Class - Pre Nursery to Std 8 तक
SESSION : 2025-26 नि:शुल्क नामांकन



मुकेश साहू
BID BEHIND RIADA (EKAGURI) LOHARDAGA - 835302 मयुर ईंटा भट्ठा के बगल में (रियाडा), लोहरदगा।
Mob - 7717729191

भास्कर एजुकेशनल एकेडमी, घाघरा की ओर से समस्त झारखंडवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई



डॉ नितेश रंजन भास्कर
प्रधानाध्यापक
भास्कर एजुकेशनल एकेडमी
देवी मंडप रोड, घाघरा, गुमला।

नगर परिषद, लोहरदगा की ओर से समस्त जिलेवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा।

76वें गणतंत्र दिवस के पावन बेला पर समस्त लोहरदगा वासियों को ढ़ेर सारी मंगलकामनाएं।
एक शुभचिंतक
आईए लोहरदगा के नवनिर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें
लोहरदगा।

76वें गणतंत्र दिवस के पावन पुनित बेला में समस्त लोहरदगा वासियो, मित्रों, शुभेच्छुओं को हार्दिक-हार्दिक बधाई।
वाणिज्य व्यापार को करें प्रोत्साहित, अर्थव्यवस्था को बनाएं मजबूत



राजेश कुमार महतो
पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष
फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज दक्षिणी छोटानागपुर, लोहरदगा।

भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश की ओर से लोहरदगा व झारखंडवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं



अजातशत्रु
प्रदेश उपाध्यक्ष
भारतीय जनता युवा मोर्चा, झारखंड प्रदेश

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड प्रदेश की ओर से समस्त झारखंड वासियो को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई



बिंदेश्वर उरांव
प्रदेश महामंत्री
भारतीय जनता पार्टी, झारखंड

76वें गणतंत्र दिवस मना रहे सभी झारखंड वासियो को हार्दिक हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
पेड़ पौधे लगाएं और पर्यावरण संरक्षण में भूमिका निभाएं।
